# रूड़की में छह वर्षीय बच्चे को कुत्तों ने काटा, आए 40 टांके; प्राइवेट पार्ट पर गहरे जख्म

**रुड़की, एजेंसी।** रुड़की रेलवे स्टेशन के पास एक आम के बाग में खेल रहे छह वर्षीय बच्चे पर कुत्तों के एक झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में बच्चे को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कुत्तों ने बच्चे के सिर, गर्दन, हाथ, कमर व प्राइवेट पार्ट पर हमला किया। हमला इतना खतरनाक था कि बच्चे के सिर में मौजूद रक्त धमनिया फटने से उसका अधिक रक्त श्राव हुआ। बच्चे के सिर पर करीब 40 टांके आए हैं।

मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के हरिनगर घ्वारा गांव निवासी राम सिंह अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ गत एक वर्ष से रुड़की रेलवे स्टेशन पर मजदूरी का काम करता है। शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक आम के बाग में उनका बड़ा बेटा छह वर्षीय नंदराम अपने कुछ साथियों के साथ खेल रहा था। इस दौरान करीब चार कुत्तों के एक झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया।

अन्य बच्चे तो भागने निकले। लेकिन, कुत्तों के झुंड ने नंदराम को घेर लिया और हमला कर दिया। सूचना पर स्वजन उसे रुड़की सिविल अस्पताल लेकर गए। बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने बच्चे को तुरंत ओपरेशन थियेटर में शिफ्ट कराया।

सिविल अस्पताल के जनरल सर्जन डा. प्रनम प्रताप सिंह ने बताया कि बच्चा काफी गंभीर स्थिति में लाया गया था। बच्चे के सिर पर करीब पांच मिमी गहरा घाव हुआ है। सिर पर करीब 40 टांके लगाए गए हैं। उनके मुताबिक समय पर अस्पताल न लाए जाने पर बच्चे की जान भी जा सकती थी। बच्चे की स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है। पूर्ण स्वस्थ होने तक बच्चे को अस्पताल में भर्ती रखा जाएगा।

यह घटना काफी संवेदनशील है। बच्चे को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। चिकित्सकों की टीम बच्चे के स्वास्थ्य पर पूरी तरह नजर रख रही है। साथ ही, नर्सों से भी बच्चे के स्वास्थ्य की प्रगति लगातार रिपोर्ट ली जा रही है। रुड़की शहर व देहात क्षेत्र में आवारा कुत्तों के काटने की समस्या लाइलाज होती जा रही है। प्रशासन इन लावारिस कुत्तों के काटने की समस्या से लोगों को निजात नहीं दिला पा रहा है। हर रोज कुत्ते के काटने के करीब 45 से



50 मामले सामने आ रहे हैं। जुलाई की ही बात करें तो सिविल अस्पताल में कुत्ते के काटने के करीब 1,320 मामले पहुंचे। रुड़की शहर व देहात क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। अभी चार दिन पहले की ही बात है कि भगवानपुर तहसील क्षेत्र के सिकरौढ़ा गांव में लावारिस कुत्तों ने एक साथ चार बच्चों को जख्मी कर दिया था। इधर, शुक्रवार को सिविल अस्पताल में कुत्तों के झुंड के हमले से गंभीर रूप से घायल होने पर छह साल के बच्चे नंदराम को भर्ती कराया गया। शहर की अधिकांश गलियों में इस समय लावारिस कुत्तों आतंक है। ऐसे में लोग शासन-प्रशासन से लगातार इस समस्या से निजात दिलाने की मांग कर रहे है। पिछले माह मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर कुत्ते के काटे जाने की करीब पांच शिकायतें दर्ज कराई गई। इस संबंध में ना तो नगर निकाय कुछ कर रहा है और ना ही प्रशासन। उधर, सिविल अस्पताल का भी एक बड़ा बजट एंटी रेबीज इंजेक्शन व सीरम पर खर्च हो रहा है। रुड़की सिविल अस्पताल के सीएमएस डा. संजय कंसल ने बताया कि वैसे तो अस्पताल प्रबंधन के पास एंटी रेबीज इंजेक्शन व सीरम पर्याप्त मात्रा में हैं, लेकिन यह समस्या का इलाज नहीं है। कुत्ते के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जो चिंता का विषय है। नगर निगम रुड़की की ओर से आवारा कुत्तों की आबादी को रोकने के लिए एबीसी सेंटर के निर्माण का कार्य सालियर में कराया गया है। बिल्डिंग आदि बनकर तैयार हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक इसको चालू नहीं किया गया है। जबकि, लंबे समय से इसको चालू करने की मांग की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-चार्जिंग स्टेशन तैयार, लोकार्पण का इंतजार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रोडवेज वर्कशॉप परिसर में ई-चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार हो गया है। ई-चार्जिंग स्टेशन का लोकार्पण का इंतजार किया जा रहा है। इस ई-चार्जिंग स्टेशन से कोई भी व्यक्ति शुल्क देकर अपनी इलेक्ट्रिक कार को चार्ज कर सकेगा। प्रदेश सरकार की ओर से अलग-अलग रोडवेज डिपो ई-चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। ऋषिकेश में रोडवेज की वर्कशॉप में यह स्टेशन बनाया गया है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ने पर चार्जिंग की समस्या को खत्म करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से यह ई-चार्जिंग स्टेशन बनाया गया है। ऋषिकेश में ई-चार्जिंग स्टेशनों की कमी है। कुछ लोग अपने घर में ही अपनी कार चार्ज करते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश की ओर से सभी रोडवेज डिपो में ई-चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। यह चार्जिंग स्टेशन करीब एक माह पूर्व बनकर तैयार हुआ है। अब रोडवेज अधिकारी चार्जिंग स्टेशन का लोकार्पण का इंतजार कर रहे हैं।

### बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, केस दर्ज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** ऋषिकेश से बुलेट बाइक किराये पर लेकर जा रहे एक युवक को अज्ञात रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। मोहम्मद अमीन निवासी मैंगलोर दक्षिण कन्नड़, कर्नाटक ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में अमीन ने बताया कि उनका भाई दानिश ट्रैवल एजेंसी ऋषिकेश से प्राइवेट बुलेट बाइक किराये पर लेकर मसूरी जा रहा था। लच्छीवाला फ्लाईओवर के पास पीछे से आ रही एक अज्ञात रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसाई ने कहा कि अज्ञात रोडवेज बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और टक्कर मारकर भाग जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

### पुलिस पर पथराव करने के मामले में अज्ञात के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

**हरिद्वार, एजेंसी।** कावड़ मेले के अंतिम दिन शुक्रवार तक यात्रियों का सैलाब उमड़ता रहा। इस बीच बृहस्पतिवार की देर रात चंडीघाट चौकी पुलिस टीम पर पथराव की घटना हुई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि देर रात यात्रियों की व्यवस्था में लगी चंडीघाट चौकी पुलिस और कांवड़ यात्रियों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई थी। देखते ही देखते माहौल इस तरह गर्म हो गया था कि कांवड़ यात्रियों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया था। इसमें चौकी प्रभारी अशोक रावत को गंभीर चोटें आई थी। चौकी इंचार्ज को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं पथराव करने वाले कांवड़ यात्री मौके से फरार हो गए थे। सूचना पर एसपी सिटी, सीओ समेत तमाम पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस टीम ने मोर्चा संभाला और किसी तरह मामला शांत हुआ और दूसरे दिन से ओर किसी तरह मामले को शांत किया गया। पूरी रात चंडी चौकी से लेकर चंडी घाट तक पुलिस बल तैनात रहा।

### मैच के बाद खिलाड़ी ने रेफरी को जड़ दिया घूंसा, घायल का अस्पताल में कराया उपचार

**नैनीताल , एजेंसी।** नैनीताल नगर के डीएसए मैदान में लैंडो लीग फुटबॉल मुकाबले के बाद टीम के एक खिलाड़ी ने रेफरी को घूंसा मार दिया। इससे रेफरी घायल हो गया। नैनीताल नगर के डीएसए मैदान में लैंडो लीग फुटबॉल मुकाबले के बाद टीम के एक खिलाड़ी ने रेफरी को घूंसा मार दिया। इससे रेफरी घायल हो गया। हंगामे के बाद मामला कोतवाली में पहुंच गया। शुक्रवार को मल्लीताल डीएसए मैदान में लैंडो लीग फुटबॉल मैच के बाद देर शाम विवाद हो गया। इस बीच टीम के एक खिलाड़ी ने हाथ मिलाने के दौरान मैच के रेफरी के मुंह में घूंसा मार दिया। इससे रेफरी की नाक से खून निकलने लगा जिसे पर वहां हंगामा हो गया। रेफरी को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के बाद हल्द्वानी निवासी रेफरी तालिब खान को छुट्टी दे दी गई।

## सांसद अनिल बलूनी ने किया आपदाग्रस्त केदारघाटी का निरीक्षण, रेस्क्यू कर लाए जा रहे यात्रियों से पूछी कुशलक्षेम

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** के गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी शनिवार को आपदाग्रस्त क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करने सोनप्रयाग पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हवाई निरीक्षण के साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावित लोगों एवं रेस्क्यू कर लाए जा रहे यात्रियों से कुशलक्षेम पूछी।

सोनप्रयाग में स्थलीय निरीक्षण करने के बाद बलूनी ने कहा कि केदारघाटी में बीते दिनों हुई अतिवृष्टि के बाद प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया है। इस अतिवृष्टि से जगह-जगह मार्ग क्षतिग्रस्त तथा बंद हुए हैं। साथ ही कई लोग विभिन्न स्थानों में फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद से जिला प्रशासन सहित एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस के जवानों द्वारा लगातार रेस्क्यू कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन भी स्थानों में लोग फंसे हुए हैं, वहां पर प्रशासन की टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं तथा फंसे हुए लोगों का रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि फंसे हुए लोगों को खाने और पीने का पानी निरंतर उपलब्ध करवाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन की फंसे हुए लोगों को पूरी तरह सुरक्षित निकालने का रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। उन्होंने आश्वस्त होते हुए बताया कि सभी फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाल दिया जाएगा।

वहीं बलूनी किसी भी आवश्यकता के लिए धामी सरकार केंद्र सरकार के संपर्क में है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री यहां के हालातों की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। केदारनाथ यात्रा मार्ग के राष्टीय राजमार्गों के जल्द से जल्द सुधारीकरण के लिए उनके द्वारा केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री से वार्ता की गई है। उन्होंने कहा कि अभी भी लगभग एक हजार श्रद्धालु फंसे हुए हैं, जिनसे लगातार संपर्क किया जा रहा है।

अनिल बलूनी ने कहा कि फंसे हुए यात्रियों को खाने व पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी को फंसे हुए लोगों का यथाशीघ्र रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित निकालने के निर्देश दिए गए। शनिवार अपराह्न तीन बजे तक जारी रेस्क्यू अभियान में हेली के माध्यम से 414 तथा गौरीकुंड से रेस्क्यू कर सोनप्रयाग पहुंचे 914 लोगों का सकुशल रेस्क्यू किया गया। इसके अतिरिक्त रेस्क्यू टीमें रेस्क्यू अभियान में जुटी हुई हैं।

## डिजाइन सेल और कंसलटेंसी एजेंसी के बीच झूल रहा सिंगटाली मोटरपुल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पौड़ी जिले और टिहरी जिले को जोड़ने के लिए सिंगटाली में प्रस्तावित मोटर पुल पीडब्ल्यूडी की डिजाइन सेल और कंसलटेंसी एजेंसी के बीच झूल रहा है। पुल का डिजाइन लगभग फाइनल होने के बाद डिजाइन सेल ने फिर पुल की स्पान कम करने की बात कही है। दोबारा से डिजाइन बनाना पड़े तो मोटर पुल का निर्माण लंबा खिंचेगा।

गढ़वाल और कुमाऊं को जोड़ने के लिए सिंगटाली में प्रस्तावित मोटर पुल 2006 में स्वीकृत हुआ था। इस मोटर पुल तक पहुंचने के लिए ब्यासघाट से ढांगूगढ़ तक 24 किमी मोटर रोड कट चुकी है। सिंगटाली में 162 मीटर लंबे डबल लेन आर्च ब्रिज का डिजाइन पीडब्ल्यूडी श्रीनगर गढ़वाल ने करीब सात महीने पहले तैयार किया था।

इस आर्च ब्रिज की अनुमानित लागत करीब 60 करोड़ रुपये आंकी गई थी। पीडब्ल्यूडी ने नक्शा बनाकर स्वीकृति के लिए डिजाइन सेल में भेजा था। 31 मई 2024 को संयुक्त सचिव ने सात बिंदुओं की कमियों को दूर करने के लिए क्षेत्रीय मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी पौड़ी को पत्र लिखा था। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने आईआईटी इंजीनियरों से डिजाइन की कमी को दूर किया था। अन्य आपत्तियों का भी निराकरण किया था।

अब कंसलटेंसी एजेंसी ने पुल का स्पान कम करने की सिफारिश की है। इस पुल का स्पान 135 मीटर करने को कहा है। साथ ही टिहरी जिले की साइट में मोटर पुल को सीधे हाईवे से जोड़ने की बजाय एप्रोच रोड बनाने का सुझाव दिया है।

सिंगटाली में 162 मीटर लंबे आर्च ब्रिज का डिजाइन तैयार करने के बाद पीडब्ल्यूडी की डिजाइन सेल और कंसलटेंसी एजेंसी ने प्रस्तावित आर्च ब्रिज का स्पान कम करने को कहा है।

## एक साथ उठी मां और मासूम बेटे की अर्थी

**चौखुटिया(अल्मोड़ा), एजेंसी।** मां और मासूम बेटे के शव जब घर के आंगन से एक साथ उठे तो हर आंख नम हो गई। गमगीन माहौल के बीच दोनों के शवों का अंतिम संस्कार नदी के किनारे किया गया। मासूम बेटे को भू समाधि दी गई जबकि मां की चिता को मुखाग्नि दी गई। हृदय विदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक छाया हुआ है। गांव में तो कई घरों में चूल्हे भी नहीं जले।

चौखुटिया क्षेत्र के ग्राम भटकोट निवासी गोविंद बिष्ट नोएडा, दिल्ली में एक निजी कंपनी में काम करते हैं। वे गाजियाबाद की खोडा कालोनी में आंबेडकरनगर की प्रकाशनगर कालोनी की गली नंबर चार में रहते थे। उनकी पत्नी तनुजा 24 वर्ष और तीन साल का मासूम बेटा प्रियांशु भी उनके साथ ही रहते थे। बताया गया कि दो दिन पहले ही प्रियांश का स्कूल में एडमिशन कराया गया था जिसके लिए तनुजा बुधवार को बेटे को कुछ सामान दिलाने के लिए बाजार जाने को निकली थी लेकिन दोनों गाजीपुर सीमा के पास नाले में बह गए थे। बाद में उनके शव बरामद हुए। दोनों के शव बीती रात करीब 12 बजे उनके गांव भटकोट लाए गए।

शव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण रिश्तेदार और अन्य परिचित घर पर संवेदना व्यक्त करने के लिए एकत्र हो गए। आज सुबह गांव के पास से होकर बह रही नदी के पास स्थित श्मशान घाट पर तनुजा के शव को मुखाग्नि देकर तथा मासूम प्रियांश के शव को भू समाधि देकर अंतिम संस्कार किया गया। दोनों को अंतिम विदाई के समय पूरा गांव ही नहीं बल्कि आसपास का क्षेत्र गम में डूब गया। ससुर गिरधर बिष्ट, सास पुष्पा देवी, जम्मू से पहुंचे सैन्यकर्मी जेठ, जेठानी, गांव में रहने वाले दो छोटे भाइयों और अन्य परिजनों की आंखों से आंसुओं की धारा बहती रही।

## 14 साल की नाबालिग के साथ अफसार खान ने किया दुष्कर्म, आरोपी मुक्तेश्वर से दबोचा गया

**चम्पावत, एजेंसी।** बनबसा में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किशोरी के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक पर पॉक्सो एक्ट के अलावा बीएनएस 2023 की कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। आरोपी युवक को मुक्तेश्वर से गिरफ्तार कर लिया।

बनबसा में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किशोरी के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक पर पॉक्सो एक्ट के अलावा बीएनएस 2023 की कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। आरोपी युवक को मुक्तेश्वर से गिरफ्तार कर लिया। दो अलग-अलग समुदायों का मामला होने से पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा के तहत पुलिस तैनात कर दी। पुलिस ने कानून व्यवस्था के साथ ही क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए दोनों समुदायों की बैठक भी ली।

एक स्थानीय किशोरी के चाचा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी 14 वर्षीय भतीजी के साथ एक युवक ने दुष्कर्म कर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। दो अलग-अलग समुदायों का मामला होने से पुलिस अलर्ट हो गई। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि किशोरी के पिता की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने चाचा के साथ रहती है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 65 (1) / 351 (3) और 3/4 पॉक्सो अधिनियम में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर बयान दर्ज किए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी अफसार खान (22) मूल रूप से पीलीभीत के नौगंवा पकडिया का रहने वाला है। वह कुछ वर्षों से यहां अपने जीजा के साथ रहकर मजदूरी कर रहा था। मामले की जांच एसआई मंदाकिनी राणा को सौंपी गई है। आरोपी को रिमांड के लिए न्यायालय भेज दिया गया है।

आरोपी को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, एसओजी प्रभारी मनीष खत्री, बनबसा शारदा बैराज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अरविंद कुमार, एसओजी एचसी गणेश सिंह बिष्ट, कांस्टेबल जगदीश कन्याल, उमेश राज, गिरीश भट्ट शामिल रहे।

## बेस अस्पताल में नहीं हो सकी रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** मेडिकल कॉलेज के अधीन चल रहे बेस अस्पताल में लाखों रुपये खर्च कर अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित तो की गई लेकिन यहां आज तक रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं हो पाई है। यहां रेडियोलॉजिस्ट भेजे गए थे लेकिन बाद में जिला अस्पताल प्रबंधन ने रेडियोलॉजिस्ट वापस बुला लिए। जिस कारण बेस में अल्ट्रासाउंड होने बंद हो गए। नगर क्षेत्र व उससे लगे ग्रामीण क्षेत्रों की एक लाख से अधिक की आबादी के अलावा बाहरी जिलों से आने वाले रोगियों को अब अल्ट्रासाउंड के लिए जिला अस्पताल पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

## तारकासुर का अंत कर देव सेनापति कहलाए कार्तिकेय

**हरिद्वार, एजेंसी।** जिला कारागार रोशनाबाद में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन कथाव्यास सूर्यकांत बलूनी ने कहा कि कार्तिकेय अवगुणों को धारण करने वाले तारकासुर का अंत कर देव सेनापति कहलाए। गणेश ऋद्धि-सिद्धी शुभ लाभ पाकर स्वयं के साथ जग का भी मंगल कर रहे हैं।

कथा व्यास ने कहा कि भलाई बुराई जिसमें संग-संग फूले फले वही संसार है। तारकासुर के तीन पुत्र हुए। जिनमें तारकाक्ष ने स्वर्ग में स्वर्णपुरी, विद्युन्माली ने रजत नगरी व कमलाक्ष ने लौहनगरी बसाई। मय दानव इनका मिस्त्री।

कथाव्यास ने कहा कि मन ही मयदानव है, जो अपने तमोगुण से भौतिक शरीर, रजोगुण से सूक्ष्म शरीर और सतोगुण से भीतरी शरीर का निर्माण करता है। भगवान शिव ने श्रावण मास में तीनों को धर्मस्थारूढ़ होकर ध्वस्त किया।

इस मौके पर जेलर मनोज आर्य, श्री अखंड परशुराम अखाड़े के संरक्षक बलविंदर चौधरी, अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, जलज कौशिक, सत्यम शर्मा, विष्णु गौड़, पंचपुरी हलवाई समाज के अध्यक्ष सोमपाल कश्यप, राकेश उपाध्याय, अनिल तिवारी, मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## साथियों संग गई मासूम के दुकानदार ने खींचे गाल, फिर ले गया दुकान के अंदर; की शर्मनाक हरकत

**हल्द्वानी, एजेंसी।** मुखानी थाना क्षेत्र में एक आठ साल की मासूम संग छेड़खानी का मामला सामने आया है। साथियों संग स्कूल से घर लौटने के बाद एक दुकानदार ने ये शर्मनाक हरकत की है। आरोपित सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त है। घर के पास ही जनरल स्टोर की दुकान चलाता है।

वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद आक्रोशित लोग कार्रवाई की मांग को लेकर मुखानी थाने पहुंच गए थे। जिसके बाद रात में पुलिस ने दुकानदार के विरुद्ध पाक्सो व छेड़खानी की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली।

पुलिस के अनुसार बिठौरिया क्षेत्र की एक कालोनी में रहने वाली आठ साल की छात्रा शनिवार दोपहर स्कूल से घर को लौट रही थी। उसके साथ और भी नाबालिग छात्राएं थी। इस दौरान खाने की चीज लेने के लिए सभी एक जनरल स्टोर में पहुंची। जहां दुकानदार ने पहले एक छात्रा के गाल खींचे। फिर छोड़ दिया। लेकिन थोड़ी देर में अंदर बुला फिर से छेड़खानी शुरू कर दी।

मासूम के बाहर न आने पर साथी छात्राएं अंदर घुसी। उसके बाद ही पीड़िता बाहर निकल सकी। वहीं, घर पहुंचने के बाद नाबालिग ने स्वजन को पूरी बात बता दी। जिस पर आक्रोशित लोग मुखानी थाने पहुंच गए। आठ साल की बच्ची का मामला होने पर पुलिस भी तुरंत सक्रिय हो गई।

दुकान को कवर करने वाला एक सीसीटीवी खंगाला गया। जिसमें दुकानदार गोपाल सिंह बच्ची के गाल खींचते हुए दिख रहा है। मामले को लेकर एसओ पंकज जोशी ने बताया कि आरोपित किसी सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त है। उसके विरुद्ध पाक्सो और छेड़खानी के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कुमाऊं के प्रवेशद्वार हल्द्वानी में नाबालिगों संग अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। जून में बनभूलपुरा थाना क्षेत्र की निवासी दो छात्राओं को दूसरे समुदाय का युवक बहलाकर ले गया था। वहीं, पिछले रविवार को 16 वर्षीय छात्रा संग टेंपो चालक नदीम ने दुष्कर्म किया था।

## दिल्ली से कांवड़ लेने हरिद्वार आया बेटा लापता

**रुड़की, एजेंसी।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर दिल्ली के लिए चला कांवड़ यात्री चार दिन पहले लापता हो गया। कांवड़ यात्री के पिता व भाई उसकी तलाश में जुटे हैं। लेकिन, उसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पा रहा है। फिलहाल पिता ने हरिद्वार जिले के किसी थाने में गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई है।

रुड़की की कोतवाली सिविल लाइंस पहुंचे दिल्ली के उत्तमनगर लेन नंबर-332 निवासी विशंभर सहाय ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा कार्तिक गंगाजल लेने के लिए आया था। 28 जुलाई को उससे बात हुई थी, उसने बताया था कि उसने हरिद्वार से आगे स्थित टोल पार कर लिया है और उसका मोबाइल फोन बंद होने वाला है।

वह रुड़की मंगलौर के बीच में फोन चार्ज करेगा। इसके बाद से उसका फोन बंद आ रहा है। इसके बाद उसकी तलाश में वह




और उनका दूसरा बेटा मंगलौर कोतवाली पहुंचे। काफी तलाश के बाद भी कार्तिक का कुछ पता नहीं चला। बहादराबाद थाने में भी पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। उन्होंने बताया कि कार्तिक दो साल से लगातार दिल्ली से हरिद्वार कांवड़ लेकर आता रहा है। भगवानपुर-गागलहेड़ी मार्ग पर दो बाइक आपस में टकरा गई। इस दौरान दो कांवड़ यात्री समेत तीन घायल हो गए। घायलों को रुड़की के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात पंजाब के जिला लुधियाना, लुधियाना शहर के हरनाम कालोनी निवासी दिनेश कुमार और योगेश कुमार एक बाइक पर सवार होकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे थे। भगवानपुर कस्बे में हरिद्वार रोड पर जब वह गागलहेड़ी मार्ग की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीनों जमीन पर गिर गए। आपातकालीन एंबुलेंस सेवा 108 को इसकी सूचना दी गई। तीनों को भगवानपुर के अस्पताल में लाया गया। यहां से उनको रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर रूप से घायल लुधियाना की हरनाम कालोनी निवासी दिनेश एवं योगेश को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। जबकि, तीसरे घायल को उसके स्वजन अपने साथ ले गए और उसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# हरियाणा से अपील, अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को अपना घर ठीक करने की दें जिम्मेदारी- सुनीता केजरीवाल

● अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली-पंजाब को बदल कर दिखाया है, अब हरियाणा में बदलाव की बारी है- सुनीता केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को हरियाणा के सोहना और गुरुग्राम में बदलाव जनसभा की। सभा में उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा पिछले 10 साल से है, लेकिन कोई काम नहीं किया। अब विधानसभा चुनाव नजदीक है। मेरी हरियाणा के लोगों से अपील है कि इस बार आप अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को अपना घर ठीक करने की जिम्मेदारी दें। उन्होंने दिल्ली-पंजाब में बदलाव कर के दिखाया है और अब हरियाणा में बदलाव की बारी है। आप की सरकार बनने पर हरियाणा के लोगों को भी दिल्ली-पंजाब की तरह मुफ्त और 24 घंटे बिजली मिलेगी। हर गांव-शहर में मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे, सरकारी स्कूल-अस्पताल अच्छे किए जाएंगे और सबको मुफ्त व शानदार शिक्षा व इलाज मिलेगा। इसके अलावा, हर महिला को एक हजार रुपए प्रतिमाह और बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इस दौरान आप हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी जनसभा को संबोधित किया। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित सोहना में बदलाव जनसभा को संबोधित करते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, हरियाणा के लाल हैं। 1994 में मेरी इनसे शादी हुई थी। उस समय उनका परिवार हिसार में रहता था। वहां उनके पिता नौकरी करते थे। अरविंद का जन्म तो सिवानी गांव में हुआ था, लेकिन उनकी पढ़ाई-लिखाई और परवरिश हिसार में हुई थी। उन्होंने कहा कि कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था कि 20 साल बाद यह लड़का दिल्ली का मुख्यमंत्री बन जाएगा। ये कोई मामूली बात नहीं है। उनका जन्म 16 अगस्त 1968 को हुआ था। उस दिन कृष्ण जन्माष्टमी थी। यह भी कोई मामूली इत्तेफाक नहीं है। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि भगवान उनसे कुछ बड़ा करवाना चाह रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने पहली बार चुनाव लड़ा और वे दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने देश की राजनीति में भूचाल लाने का काम किया। ऐसे-ऐसे काम किए, जो कोई भी पार्टी नहीं कर पाई। आज पूरी दुनिया में लोग अरविंद केजरीवाल को उनके कामों से जानते हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब के सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए। गरीबों के बच्चों का भविष्य उज्जवल कर दिया। शानदार मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल कर दिए, जहां मुफ्त और अच्छा इलाज होता है। उन्होंने बिजली फ्री कर दी। महिलाओं को बस में फ्री सफर करने की सुविधा दी। बुजुर्गों के लिए फ्री तीर्थ यात्रा कर दी और अब हर महीने हर महिला को एक हजार रुपए की सम्मान राशि देने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी ने जनता के लिए ये काम नहीं किए हैं। जनता बताए कि क्या कोई ऐसी पार्टी है, जिसने स्कूल अच्छे किए हों, मोहल्ला क्लीनिक बनाए हों या सरकारी अस्पताल अच्छे किए हों, किसी ने बिजली फ्री की हो? ऐसे काम केवल हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल ही कर सकते हैं। इसलिए मोदी जी अरविंद केजरीवाल से जलते हैं। इसलिए अरविंद केजरीवाल को फर्जी केस में जेल में डाल दिया। वो कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल चोर है। मैं कहती हूं कि अगर अरविंद केजरीवाल चोर हैं तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। मोदी जी ने हरियाणा के बेटे को जेल में डाला कर हरियाणा के लोगों को ललकारा है। मैं हरियाणा की बहू आपसे पूछती हूं कि क्या हरियाणा की जनता अपने बेटे का अपमान चुपचाप सहन करेगी? केजरीवाल शेर है और वो मोदी जी के सामने झुकेंगे नहीं। हम अब चुप नहीं बैठेंगे। मोदी जी गुजरात से हैं। जब 2014 में मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो गुजरात ने सारी सीटें बीजेपी को दे दी। आपके अरविंद केजरीवाल ने देश और दुनिया में हरियाणा का नाम रौशन किया है। अब आप भी उनका साथ दीजिए। उन्होंने कहा कि तीन महीने बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव है। बीजेपी को एक वोट नहीं जाना

# बस रूट 848 के सेवा विस्तार से गुभाना-माजरी और आसपास के 50,000 से अधिक निवासियों को होगा लाभ

**दिल्ली सरकार ने बस रूट 848 का विस्तार हरियाणा के गुभाना गांव तक किया;**

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



हरियाणा के गुभाना-माजरी गांव और दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास रहने वाले लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करते हुए, दिल्ली सरकार ने बस रूट संख्या 848 की सेवा को हरियाणा के गुभाना-माजरी गांव तक बढ़ा दिया है। आज गुभाना में दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत ने ग्रामीणों के साथ बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 29 जुलाई 2024 को गुभाना और माजरी के ग्रामीणों द्वारा दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत के गांवों के दौरे के दौरान किए गए अनुरोध के बाद इस विस्तार को मंजूरी दी गई थी।

एक बयान में दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत ने कहा, हरियाणा के गुभाना गांव तक बस रूट 848 के विस्तार के जरिए हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सार्वजनिक परिवहन सेवाएं उन सभी स्थानों तक पहुंचें जहां इसकी मांग है। हम लोगों की परिवहन जरूरतों को पूरा करने और उनके दैनिक आवागमन को सुगम बनाने के लिए कटिबद्ध हैं

पहले बस रूट नंबर 848 का आखिरी स्टॉप दिल्ली का बाकरगढ़ था। गुभाना गांव जो कि हरियाणा के झज्जर जिले का हिस्सा है और बाकरगढ़ से केवल 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वहाँ सार्वजनिक परिवहन की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थानीय निवासियों को दिल्ली आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हरियाणा स्थित गुभाना गांव के लोगो ने लंबे समय से बस सेवाओं के विस्तार का अनुरोध किया था। पिछले दिनों जब दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत को ग्रामवासियों को आवागमन में हो रही कठिनाइयों का पता चला तो उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि गुभाना-माजरी क्षेत्र हरियाणा में होने के बावजूद, केजरीवाल सरकार इस क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस बस रूट 848 के गुभाना-माजरी गाँव तक चलने से गुभाना, माजरी, लुकसर, गंगडवा, गोयला, खेड़का, देशलपुर, शाहपुर, खुँगाई, जगरतपुर, खरमान और बूपनीय ग्रामवासियों को दिल्ली आने-जाने में अब कठिनाई नहीं होगी। दिल्ली सरकार की बस सेवाओं के इस क्षेत्र में विस्तार से गुभाना-माजरी और आसपास के क्षेत्रों के 50,000 से अधिक निवासियों को लाभ होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2023 में दिल्ली सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस सेवाओं का रूट दिल्ली के नजफगढ़ टर्मिनल से हरियाणा के एम्स-झज्जर (बाढ़सा गांव) तक बढ़ा दिया था। इस विस्तार से दिल्ली और हरियाणा के बीच यात्रा करने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को लाभ हो रहा है।

रूट 848
तिलक नगर
डिस्ट्रिक्ट सेंटर
उत्तम नगर टर्मिनल
नवादा
करोला ब्रिज
नंगली सकरावती
नजफगढ़ दिल्ली गेट
प्रेम नर्सरी
मित्राऊं
सुरहेड़ा क्रासिंग
रावता क्रासिंग
मुंढेला क्रासिंग
बाकरगढ़ क्रासिंग
बाकरगढ़ बॉर्डर
गुभाना-माजरी

# महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने तीज उत्सव समारोह में शामिल हुए



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री श्री कैलाश गहलोत ने आज दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों और पीएमएमवीवाई की महिला लाभार्थियों के लिए आयोजित तीज उत्सव समारोह में भाग लिया। यह कार्यक्रम नजफगढ़ के श्री राम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्री कैलाश गहलोत ने कहा, तीज सिर्फ एक त्योहार नहीं है बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत है। आज यहां आंगनवाड़ी लाभार्थियों और अन्य महिलाओं के बीच आकर बहुत खुशी हुई। दिल्ली सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक पूजा से हुई, जिसके बाद लोक गीतों और नृत्यों का आयोजन हुआ। समारोह का विशेष आकर्षण मेंहदी लगाने का सत्र और रंगोली प्रतियोगिता थी। इसके अतिरिक्त, महिला सशक्तिकरण और आत्म-देखभाल के महत्व पर भी कार्यक्रम में चर्चा हुई। तीज पर्व एक पारंपरिक भारतीय त्योहार है जो मुख्य रूप से उत्तर भारत में महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। यह त्योहार देवी पार्वती की पूजा और भगवान शिव के साथ उनके मिलन को समर्पित है। तीज में अक्सर महिलायें लाल और हरे रंग के कपड़े पहनती हैं। यह त्योहार मानसून के आगमन का प्रतीक है।

# दिल्ली के संस्थापक महाराजा अनंगपाल तोमर की जयंती राष्ट्रवादी युवा संघ नारायणा ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आज 4 अगस्त, 2024 को दिल्ली के संस्थापक महाराजा अनंगपाल तोमर जी की जयंती बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ नारायणा फ्लाईओवर, स्तंभ संख्या 29, लाल बत्ती, नारायणा गांव, रिंग रोड पर स्थित महाराजा अनंगपाल तोमर जी की प्रतिमा पर आयोजित समारोह में मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा अनंगपाल तोमर जी की प्रतिमा पर अमित तंवर जी और आर्यन तंवर जी द्वारा माल्यार्पण से हुई। उसके बाद दीप चंद वर्मा जी, करण चंचल जी, भुवन करण सिंह तंवर जी , तनिष्क तंवर जी & पूर्वांश सिंह तंवर जी ने दीप प्रज्ज्वलन किया। राष्ट्रवादी युवा संघ के अध्यक्ष श्री आदित्य तंवर ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय इतिहास में महाराजा अनंगपाल तोमर जी का योगदान महत्वपूर्ण था कार्यक्रम में ब्रिजेश तंवर जी, राम प्रकाश तंवर जी, निहाल तंवर( मास्टर जी ), रमेश तंवर जी , ईश्वर तंवर जी, रोहतास वर्मा जी , सुनील वर्मा जी , रोहित तंवर जी, अमित राजपूत,,मुकेश तंवर जी, ललित तंवर जी, अनुज तंवर जी, विवेक वर्मा जी, सतेंद्र सिंह जी , नंद लाल ग्रोवर जी ,हर्ष भारद्वाज जी , अजीत सूर्यवंशी,संजय तंवर जी, अर्श तंवर जी, सुमन कुमार तंवर जी, बिल्लू जी ,राकेश कोहली जी , धीरज रॉय, देवेंद्र तंवर जी,अवि तंवर जी ने बढ़ - चढ़ कर भाग लिया और माल्यार्पण किया। युवाओं के सामूहिक प्रयासों से महाराजा अनंगपाल तोमर जी की जयंती का उत्सव बेहद सफल रहा।कार्यक्रम ने भारतीय इतिहास और संस्कृति के संरक्षण के महत्व की याद दिलाई। दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने राष्ट्रवादी युवा संघ के अध्यक्ष श्री आदित्य तंवर को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे भावी युवा पीढ़ी को महाराजा अनंगपाल तोमर के जीवन ओर कार्यों से प्रेरणा मिलेगी।

# आप के पूर्व पार्षद अशोक सैनी को मिली जान से मारने की धमकी, अपने ही पार्षदों पर लगाया आरोप



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के पूर्व निगम पार्षद अशोक सैनी को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी किसी और ने नहीं, बल्कि उन्हीं की पार्टी के दो अलग-अलग वार्ड से आम आदमी पार्टी के पार्षदों द्वारा मिली है। इस संबंध में अशोक सैनी ने दिल्ली पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक सैनी ने बताया कि विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के पार्षद अशोक पांडेय और राखी आशीष यादव ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी है। यह धमकी उन्हें करीब एक महीने पहले भी मिली थी। दरअसल, विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व पार्सद अशोक सैनी ने यह आरोप लगाया है कि दोनों पार्षद अपने वार्ड में कोई काम नहीं करते हैं, ऐसे में जो इलाके के लोग हैं वो अपनी समस्या को लेकर उनके पास आते हैं। जब अशोक सैनी उनकी समस्या सुनने या उनका कोई काम करने इन दो वार्डों में जाते हैं तो आप पार्षद राखी आशीष यादव और अशोक पांडेय इस बात से नाराज हो जाते हैं। पूर्व पार्षद अशोक सैनी के पिता का कहना है कि जब वो अपने बेटे और पूर्व पार्षद अशोक सैनी के साथ घर के लिए दूध लेने गए थे, तब उन्हें मोटरसाइकिल पर सवार 2 लोग आ गए, जिन्होंने हेलमेट पहना हुआ था। उन्होंने यह धमकी दी कि अपने बेटे को समझा दो ज्यादा नेता बनने की कोशिश न करें, क्योंकि अब वो पार्षद नहीं है, अगर दोबारा किसी भी वार्ड में दिखाई दिया तो गोली मार देंगे। फिलहाल, शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी चेक किया जा रहा है। बहरहाल, इस घटना से एक बार फिर आम आदमी पार्टी के भीतर की कलह उजागर हो गई है।

# व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर रहा निगम

नई दिल्ली। दिल्ली में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का नगर निगम प्रशासन सर्वे कर रहा है। इसमें सभी जोन में स्थित कोचिंग सेंटर, पीजी, पुस्तकालय और अन्य के दस्तावेजों की जांच हो रही है। इमारतों और अन्य जगहों पर व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन करने वाले प्रतिष्ठानों को चेक किया जा रहा है। भवन निर्माण के उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में निगम के अधिकारियों ने बताया कि बीते एक सप्ताह के दौरान लगभग 70 कोचिंग सेंटरों और उसके बेसमेंट पर कार्रवाई की गई है। इसमें कई जगहों पर नियमों का उल्लंघन हो रहा था। बेसमेंट में सामान को स्टोर करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन उसकी जगह सेंटरों की तरफ से छात्रों की कक्षाएं चल रही थीं। इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। सभी जोन में कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

# विधानसभा चुनाव में पूनम चौहान को प्रत्याशी बनाने की मांग

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की कर्मठ जुझारू मेहनती जिला अध्यक्ष पूनम चौहान दिन-रात पार्टी की सेवा में लगी रहती हैं उनके जैसा जिला अध्यक्ष ना तो हुआ है और ना ही होगा यह बात एक साल बतौर जिला अध्यक्ष पूनम चौहान द्वारा पार्टी जिला कार्यालय पर उनका भव्य स्वागत किया इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपिका चंदेल ने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मांग करती हूं की करते हरारी जुझारू कर्मठ जिला अध्यक्ष पूनम चौहान को आगामी विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र से विधायक का चुनाव लड़ते हुए उन्हें टिकट दिया जाए। इस मौके पर मौजूद जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभारी योगेंद्र राजौरा ने बोलते हुए कहा कि हमारे जिला अध्यक्ष पूनम चौहान एक कर्मठ जुझारू नेता है उन्होंने उत्तर पूर्वी जिला सांसद मनोज तिवारी को कड़ी मेहनत करते हुए दिन रात एक करते हुए विजय दिलाई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार लोकसभा में चुनकर भेजा। श्री राजोरा ने कहा कि हमारे जिला अध्यक्ष पूनम चौहान ने यमुना खादर में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वादा किया था कि वह मनोज तिवारी को भारी बहुमत से विजय कराकर लोकसभा में भेजेंगे और इस मौके पर उन्होंने भगवान श्री राम की एक प्रतिमा भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की थी। पूनम चौहान ने अपना वादा पूरा करते हुए अपनी मेहनत और कार्यकताओं का भरपूर सहयोग लेते हुए सांसद मनोज तिवारी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर संसद में भेजा।

# सरकार की कार्यप्रणाली की लगातार खुलती जा रही पोल : सुनील कुमार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली सरकार हर मामले में फेल साबित हो रही है। सरकार की पोल लगातार खुलती जा रही है। यह कहना है दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सुनील कुमार का। सुनील कुमार कहते है बरसात के बाद जलभराव का मसला हो या। दूषित पानी की आपूर्ति, नालों में गिरकर महिला तथा बच्चे की मौत हो या बिजली के करंट लगने से मौत हर मामले में सरकार की विफलता सामने आई है। बेसमेंट में नाले का पानी भरने से हुई छात्रों की मौत ने तो सरकार की पोलपट्टी ही खोलकर रख दी है। सुनील कुमार कहते हैं यह सरकार अपने कर्तव्य निभाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। सुनील कुमार कहते है, दिल्ली में सरकार द्वारा रोहिणी दिल्ली में मानसिक रूप से विकलांग लोगो के लिए चलाए जा रहे आशा किरण नामक होम शेल्टर में पिछले 15 जुलाई से 31 जुलाई के बीच लगभग 12 लोगो की मौत हो जाना होम शेल्टर की प्रबंधन टीम के साथ साथ दिल्ली सरकार पर भी सवालिया निशान उठा रहा है, इस तरह से होम शेल्टर में अचानक दो हफ्ते में ही दर्जन भर लोगो की मृत्यु हो जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। यही नहीं इसी होम शेल्टर में जनवरी से अब तक लगभग 27 लोगो की मौत हो चुकी है। लेकिन इस होम शेल्टर को चलाने वाली दिल्ली सरकार चुप्पी साधे बैठी है। इस मामले में हैरानी की बात यह है कि पिछले दो सप्ताह में मरने वाले सभी लोग उल्टी और दस्त के कारण अपनी जान गंवाते हैं। ना उनको सही इलाज मिलता है और ना ही कोई जांच होती है। सच बात तो यह है कि जल जमाव से मौतें हों या यह घटना एडवरटाइजिंग के दम चेहरा चमकने वाली केजरीवाल सरकार हर मौके पर नाकाम रही है। सुनील कुमार ने कहा कि यह दिल्ली का दुर्भाग्य है कि आज दिल्ली पर अपरिपक्व, अदूरदर्शी और अक्षम लोग शासन कर रहे हैं। जिनको दिल्ली की जनता के दुख दर्द का कोई एहसास नहीं होता। क्योंकि लगभग 500 लोगो की क्षमता वाले होम शेल्टर में 1000 लोगों को रखा जा रहा है जबकि 2015 में ही एक रिपोर्ट में इसकी बिस्तरो की संख्या के साथ साथ डॉक्टर्स, नर्सेज और अन्य स्टाफ की क्षमता बढ़ाने के लिए कहा था लेकिन हमेशा की तरह अपनी जिम्मेदारियों से भागने वाली आम आदमी पार्टी की असंवेदनशील सरकार ने इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया। और नतीजा आज आपके सामने है। अगर सरकार ने समय रहते इस होम शेल्टर में रहने वाले मासूम लोगो की जरूरत के हिसाब से वाहन की क्षमता और कार्य प्रणाली में बदलाव किया होता तो वह लोग यूं काल के गाल में ना समाते।

# संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक हुई : अमित मिश्रा



नई दिल्ली। ललिता पार्क ब्लॉक कांग्रेस वार्ड 201 के तत्वावधान में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिश्रा ने की। उन्होंने सभी साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निर्देश पर हर महीने ब्लॉक कांग्रेस की बैठक का आयोजन हुआ करेगा। जिसमे पार्टी को मजबूत बनाने और आने वाले विधानसभा चुनाव में किस तरह पार्टी के लिए रणनीति बनाये जाई इस पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। आज की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर महीने होने वाली बैठक को ब्लॉक के अलग अलग स्थानों पे किया जाए, पार्टी द्वारा होने वाले सभी कार्यक्रमो में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जाये और लक्ष्मी नगर विधानसभा से जो भी साथी विधायक का चुनाव लड़ना चाहता हैं वह आगे आकर पार्टी को मजबूती देने के लिए कार्य करे साथ ही विधानसभा में जनता के विचार विमर्श कर सामाजिक धार्मिक कार्यों को करे जिससे पार्टी को भी बल मिलेगा साथ ही उम्मीदवार की भी पहचान बनेगी। सभी उपस्थित साथियों ने एक स्वर में इन मुद्दों का समर्थन किया। बैठक में आर.डब्लू.ए. प्रधान कालिका प्रशाद, एस डी मालिक, जिला उपाध्यक्ष हाजी इस्लामुद्दीन रफीक कुरेशी इकराम, घनश्याम, सौरभ, सोनिया सिंह, नरेंद्र, रामलीला कमेटी के प्रधान रविंदर भारद्वाज, आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीयू कॉलेजों /विभागों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने से पहले, कॉलेजों से पिछले 5 वर्षों के आंकड़े मंगवाने की कुलपति से फोरम ने मांग की

● कॉलेजों में बने एससी,एसटी, ओबीसी एडमिशन सेल, एससी/एसटी ओबीसी सेल, ग्रीवेंस सेल व मोनेटरिंग कमेटी की जवाबदेही तय हो।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन, दिल्ली विश्वविद्यालय) के चेयरमैन व पूर्व डीयू एडमिशन कमेटी के सदस्य डॉ. हंसराज सुमन ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि शैक्षिक सत्र -2024-25 में दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में यूजी, पीजी, पीएचडी, बीएड, एमएड, बी.लिब, एम.लिब, बीएएलएड, डिप्लोमा कोर्स, सर्टिफिकेट कोर्स आदि पाठ्यक्रमों में एससी, एसटी, ओबीसी, पीडब्ल्यूडी, अनरिजर्व व ईडब्ल्यूएस कोटे में एडमिशन प्रक्रिया शुरू करने से पहले विश्वविद्यालय प्रशासन डीयू के विभागों व कॉलेजों के प्रिंसिपल / संस्थानों के निदेशकों को सर्कुलर जारी करके उनसे पिछले पांच वर्षों के आंकड़े मंगवाकर उनकी जांच करवाएँ, पता चलेगा कि कॉलेजों ने अपने यहाँ स्वीकृत सीटों से ज्यादा एडमिशन दिया लेकिन उन्होंने सामान्य सीटों की एवज में एससी/एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस व पीडब्ल्यूडी कोटे की सीटों को नहीं भरा। उन्होंने बताया है कि कॉलेजों ने सीटों का ब्यौरा देने के लिए अभी तक कॉलेज वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया है । बता दें कि गत वर्ष भी नार्थ कैम्पस व साउथ कैम्पस के बहुत से कॉलेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह गई थीं। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि कुछ कॉलेज यूजीसी व शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आरक्षण संबंधी दिशा निदेर्शों का उचित तरीके से पालन नहीं करते।डॉ. सुमन ने पत्र में लिखा है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में लगभग-80 विभाग हैं जहाँ स्नातकोत्तर डिग्री, पीएचडी, सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स, डिग्री कोर्स आदि कराए जाते हैं। इसी तरह से दिल्ली विश्वविद्यालय में तकरीबन 79 कॉलेज हैं जिनमें स्नातक, स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती है। इन कॉलेजों व विभागों में हर साल स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर ईडब्ल्यूएस कोटा बढ़ने के बाद लगभग 72 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के प्रवेश होते हैं। डॉ. सुमन ने बताया है कि डीयू कॉलेजों में हर साल स्वीकृत सीटों से 10 फीसदी ज्यादा एडमिशन होते हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि कॉलेज अपने स्तर पर 10 फीसदी सीटें बढ़ा लेते हैं। बढ़ी हुई सीटों पर अधिकांश कॉलेज आरक्षित वर्गों की सीटें नहीं भरते। उन्होंने बताया है कि पिछले चार साल से सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए 10 फीसदी आरक्षण दिया गया है। इससे 25 फीसदी सीटों का इजाफा हो चुका है। इन वर्गों के छात्रों की सीटें भी खाली रह जाती हैं। इस तरह से विश्वविद्यालय के आंकड़ों की माने तो 72 हजार से ज्यादा सीटों पर हर साल एडमिशन होता है फिर भी एससी /एसटी, ओबीसी व पीडब्ल्यूडी छात्रों की सीटें खाली रह जाती है। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन आरक्षित सीटों पर भी प्रवेश के लिए प्राप्तांक का अधिक पर्सेंटेज रखते हैं जिससे आरक्षित वर्ग का छात्र प्रवेश लेने से वंचित रह जाता है। लेकिन परसेंटेज कम नहीं की जाती जिसके कारण सीटें खाली रह जाती है । डॉ. सुमन ने यह भी बताया है कि डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर आरक्षित सीटों को भरने के लिए कई स्पेशल स्पॉट राउंड चलाते हैं लेकिन उसमें जो कट ऑफ जारी की जाती है उस पर मामूली छूट दी जाती है जिससे एससी, एसटी, ओबीसी कोटे की सीटें कभी पूरी नहीं भरी जाती। ये सीटें हर साल खाली रह जाती है। गत वर्ष भी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आरक्षित सीटों को भरने के लिए कई ह्लस्पेशल स्पॉट राउंड ह्ल चलाये गए लेकिन कट ऑफ कम नहीं किए जाने के कारण आरक्षित वर्गो के विद्यार्थियों की सीटें खाली रह गईं। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर यदि कट ऑफ कम कर दे सीटों को भरा जा सकता था। उनका कहना है कि इस बार यदि विश्वविद्यालय प्रशासन एडमिशन से पूर्व कॉलेजों से स्वीकृत सीटों के आंकड़े मंगवा ले और हर लिस्ट के बाद सीटों का ब्यौरा रखे तो काफी हद तक समस्या का समाधान हो सकता है। यदि उसके बाद भी कॉलेज आरक्षित कोटा पूरा नहीं करते हैं तो उनका अनुदान रोक देना चाहिए। उनका यह भी कहना है कि एडमिशन लेने वाले तमाम छात्रों के नाम की सूची कॉलेज व विश्वविद्यालय वेबसाइट पर डाला जाए। उन्होंने यह भी बताया है कि एससी/एसटी व ओबीसी के बहुत से छात्र कॉलेज छोड़कर चले जाते है या बीच में (ड्रॉप आउट) छोड़कर चले जाते हैं, उसके भी आंकड़े कॉलेज नहीं देता है। डॉ. सुमन ने कॉलेजों से छात्रों की सीटों का बैकलॉग, शॉर्टफाल व ड्रॉप आउट स्टूडेंट्स का डाटा मंगवाने की भी मांग की है जिससे एडमिशन की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। कॉलेजों में बने सेल - डॉ. सुमन ने कुलपति को यह भी बताया है कि यूजीसी का सख्त निर्देश है कि हर कॉलेज में एससी, एसटी और ओबीसी सेल की स्थापना की जाये। एडमिशन की प्रक्रिया को देखने के लिए मोनेटरिंग कमेटी बनाई जाए, इसके अलावा छात्रों, कर्मचारियों व शिक्षकों की समस्याओं के समाधान करने हेतु ग्रीवेंस कमेटी बने। उन्होंने बताया है कि कुछ कॉलेजों ने कमेटियों /सेल की स्थापना की है। इनको चलाने के लिए आरक्षित वर्ग से शिक्षकों की नियुक्ति भी की है लेकिन ये सेल कोई काम नहीं करती हैं।

# त्रिलोकपुरी में पानी लेने गए युवक को बदमाशों ने मारा चाकू

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में चाकूबाजी की घटनाएं नहीं थम रही है। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार थाना इलाके के त्रिलोकपुरी में दोस्त के साथ पानी लेने जा रहे 17 साल के लड़के पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल लड़के को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल लड़के की पहचान ध्रुव उर्फ लड्डू के तौर पर हुई है। वह परिवार के साथ त्रिलोकपुरी के 28 ब्लॉक का रहने वाला है। घायल ध्रुव की मां गीता ने बताया कि ध्रुव प्राइवेट जॉब करता है। शनिवार देर शाम को ड्यूटी से लौटा था। उन्होंने उसे पानी लाने के लिए भेजा था। वह अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से पानी लाने जा रहा था। 32 ब्लॉक के पास से कुछ लड़कों ने ध्रुव और उसके दोस्तों को घेर लिया और ध्रुव को चाकू मार कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल हालत में ध्रुव को कल्याणपुरी के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे दिलशाद गार्डन के जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि 32 ब्लॉक का रहने वाला नाजिम नाबालिग लड़कों का गैंग चलाता है। नाजिम के कहने पर ही उसके गैंग के लड़के क्षेत्र के युवक को निशाना बना रहे हैं। ध्रुव से पहले भी उन्होंने दो-तीन लड़कों को चाकू मार कर घायल कर चुके हैं। वहीं, इस घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खांगले जा रहे हैं। ताकि बदमाशों की पहचान हो सके। आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। चाकू बाजी के इस घटना से इलाके के लोगों में रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाशों में पुलिस का खौफ नहीं है।

# दिल्ली में हेल्थ अवेयरनेस पर वॉकथॉन, मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली। नेशनल वैस्कुलर डे से पहले वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया (वीएसआई) द्वारा एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसे सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में सांसद योगेंद्र चंदोलिया, लेफ्टिनेंट जनरल साधना एस नायर, वीएसएम, डीजीएमएस (सेना) भी उपस्थित व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसमें दिल्ली से 3,000 प्रतिभागियों और 29 शहरों के कुल 15,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया इस पहल पर वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. तपीश साहू ने कहा, ह्लहमारा उद्देश्य वैस्कुलर स्वास्थ्य देखभाल ढांचे की स्थापना करके उसे आगे बढ़ाना है। पूरे देश में जबरदस्त प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक है। इतने महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए इतने सारे लोगों को एक साथ आते देखना प्रेरणादायक है। वहीं मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि जागरूकता बढ़ाकर और निवारक उपायों को बढ़ावा देकर, कई व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार ला सकते हैं। सरकार ऐसे प्रयासों का पूरा समर्थन करती है जिनका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाना है। वैस्कुलर रोगों की रोकथाम के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इसमें स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखना, नियमित शारीरिक गतिविधि और नियमित चिकित्सा जांच शामिल है। फलों, सब्जियों और साबुत अनाज से भरपूर संतुलित आहार और धूम्रपान और अत्यधिक शराब के सेवन से परहेज, वैस्कुलर स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अतिरिक्त जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से स्थितियों को प्रबंधित करने से वैस्कुलर जटिलताओं के जोखिम को काफी कम किया जा सकता है।

## सूचना

जिला एवं सत्र न्यायालय, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश।
CS NO.: Misc. Civil Cases/0000635/2023
प्रीति रानी (याचिकाकर्ता)
बनाम
उत्तर प्रदेश राज्य, श्री उदय शंकर नारायण जयसवाल (पताः डी-162, पीसी कॉलोनी, कंकरबाग, पटना, बिहार-800020), श्री उत्तम नारायण (पताः डी-162, पीसी कॉलोनी, कंकरबाग, पटना, बिहार-800020), श्रीमती गरिमा रानी (पताः W/o प्रशांत कुमार, डी-046, मीडॉस विस्टा, मोरटा, मोरटी, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश-201003, तथा जालकद्दर बाग, PS मालसलामी, पटना सिटी, पटना,बिहार-800008)।
आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयतनामा वाद स्वर्गीय शीला रानी जयसवाल द्वारा वसीयत पर आधारित है, जो अचल संपत्ति नंबर -12/12, द्वितीय तल, सेमल रोड, शिप्रा सन सिटी, इंद्रापुरम, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश-201009 के संबंध में याचिकाकर्ता के पक्ष में की गई है।
जब उपरोक्त वाद की सुनवाई 30 जुलाई 2024 को माननीय न्यायाधीश के समक्ष सुनवाई हेतु आया तो माननीय न्यायाधीश ने आपको अखबार में प्रकाशन के माध्यम से नोटिस जारी करने का आदेश दिया, जिसकी तारीख 06 अगस्त 2024 को है। कृपया 06 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे एडीजे. नं. 2, गाज़ियाबाद की अदालत में माननीय न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित रहें, अन्यथा मामले का निर्णय आपकी अनुपस्थिति में लिया जाएगा।
दिनांकः 05.08.2024
Sd/- सुरेशप्रसाद याचिकाकर्ता के अधिवक्ता

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 05 अगस्त, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### रिटायर्ड दफादार, चौकीदारों को दफादारी परेड में किया गया सम्मानित

इसुआपुर। थाना परिसर में रविवार को दफादारो व चौकीदारों का दफदारी परेड लिया गया। जिसमें इसुआपुर थाना क्षेत्र के सभी दफादार व चौकीदार मौजूद थे। साथ ही उन्हें क्षेत्र में सुचारू रूप से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बताया गया । वहीं अवैध शराब कारोबारीयों तथा अपराध कर्मियों, फरार वारंटियों की जानकारी देने की बात कही गई। साथ ही इससे संबंधित सूचना देने की बात बताई गई। इस मौके पर सेवानिवृत हुए दफादार कृष्ण कुमार सिंह, चौकीदार रामबालक राय, राजनाथ राय को सम्मानित भी किया गया।

### स्नातक में नामांकन के लिए तीसरी मेधा सूची का प्रकाशन प्रारंभ, 8 अगस्त तक होगा नामांकन

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय में 4 वर्षीय स्नातक सीबीसीएस पाठ्यक्रम (सत्र-2024-28) में नामांकन के लिए तीसरी मेधा सूची का प्रकाशन प्रारंभ हो गया है। सूची का प्रकाशन विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाइट पर किया जा रहा है। आज शनिवार, 3 अगस्त 2024 को भूगोल, मनोविज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, उर्दू और गृह विज्ञान (गृह विज्ञान विषय में और सूची भी जाएगी) विषयों के अभ्यर्थियों की मेधा सूची प्रकाशित की गई है। शेष विषयों के अभ्यर्थियों की मेधा सूची का प्रकाशन भी शीघ्र ही कर दिया जाएगा। मेधा सूची में शामिल अभ्यर्थी 5 अगस्त से 8 अगस्त तक आबंटित महाविद्यालयों में नामांकन करा सकते हैं। नामांकन हेतु अभ्यर्थियों को पहली एवं दूसरी सूची के नामांकन की तरह ही फीस पूर्ववत विश्वविद्यालय द्वारा निर्देशित खाता में जमा करना होगा। उल्लेखनीय है कि नामांकन से वंचित बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों द्वारा लगातार विश्वविद्यालय से अनुरोध किया जा रहा था कि उन्हें रिक्त सीटों पर नामांकन का अवसर प्रदान किया जाय। इसपर छात्रहित में सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई जी ने तीसरी सूची जारी कर वंचित अभ्यर्थियों का नामांकन करने का निर्देश दिया।इसे लेकर नामांकन समिति द्वारा भी प्रस्ताव पारित किया गया।

# तेज गति से आ रही ट्रक ने दुकान व बिजली ट्रांसफार्मर को तोड़ते हुए पलटी, घायल

प्रात: किरण संवाददाता



घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के पथराहा चौक पर सीमेंट से भरा ट्रक शनिवार की रात्रि लगभग दस बजे के करीब दो दुकान को तोड़ते हुए रोड किनारे लगे बिजली के ट्रांसफार्मर पर पलट गई । जिससे बिजली की ट्रांसफार्मर पूरी तरह से टूटकर दब गई और पथराहा चौक की बिजली भी बाधित हो गई। बिजली की ट्रांसफार्मर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के बाद पथराहा चौक अंधकारमय में डूब गया। वही दुकान में सो रहे वार्ड सदस्य विजय पासवान व सुलेखा देवी बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घैलाढ़ में भर्ती करवाया गया। वहीं, घायल विजय पासवान की स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने उसे जननायक कपूर्री ठाकुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने बताया कि बैजनाथपुर- लिटयाही मुख्य मार्ग पर बैजनाथपुर तरफ से तेज गति से आ रही अनियंत्रित ट्रक पथराहा चौक पर दो दुकान को तोड़ते हुए बिजली की ट्रांसफार्मर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही दो लोग बुरी तरह से घायल है, जिसका इलाज करवाया जा रहा है। वहीं घटना के बाद मौके से चालक व खलासी फरार हो गया। मौके पर घटना की जानकारी मिलते ही घैलाढ़ ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद तुरंत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना स्थल पर बिखरा सीमेंट को कोई ग्रामीण लूटे नहीं, इसके लिए वहां पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई । वहीं ग्रामीण वार्ड सदस्य राकेश कुमार, श्याम कुमार, शिवनारायण शाह एवं कई ग्रामीणों ने बताया कि बैजनाथपुर चौक के तरफ से तेज गति से आ रहा सीमेंट से भरा ट्रक घैलाढ़ की तरफ जा रहा था। हादसा इतना भयानक था कि दो दुकान को तोड़ते हुए बिजली की ट्रांसफार्मर को पूरी तरह से क्षतिगस्त कर दिया। हादसे में दो लोग बुरी तरह से घायल है जिसमें एक घायल व्यक्ति विजय पासवान का हालत काफी गंभीर है। वही कई दुकानदारों ने बताया कि बिजली की ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से चौक पूरी तरह से अंधकारमय हो गया है जिससे हम लोगों को चौक पर चोरी होने का डर सताने लगा है क्योंकि रोशनी रहने से चोरी होने की संभावना नहीं होती है। वही घैलाढ़ ओपी के पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

वही इस घटना के संबंध में ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना पाते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा। लेकिन तब तक में चालक और खलासी फरार हो चुका था। घटनास्थल पर बिखरा सीमेंट को कोई लूटे नहीं इसके लिए पुलिस बहाल कर दी गई है।

# दो घरों का ताला तोड़कर लाखों की हुई चोरी

प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। ताला तोड़ गिरोह पुलिस को खुली चुनौती दे रही है। बहेड़ा थाना क्षेत्र के मकरमपुर गांव में बीती रात राम विनोद चौधरी एवं उनके सगे भाई लक्ष्मण चौधरी के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंचकर तप्तीश शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि ज्योतिष राम विनोद चौधरी पूरे परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। लक्ष्मण चौधरी भी अपने परिवार का इलाज कराने दिल्ली गया है। दोनों के घर पर कोई पारिवारिक सदस्य नहीं थे। शनिवार की सुबह गांव में चर्चा होने लगा कि ज्योतिष राम विनोद एवं लक्ष्मण के घर में भीषण चोरी हुई है। पड़ोसी और कुछ ग्रामीणों ने दोनों भाई का घर देखने गया, तो सभी कमरे का ताला टूटा था तथा जेवरात के खाली डिब्बे सहित अन्य सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लोग एवं पुलिस को घटना की जानकारी दी। पड़ोसी ने बताया कि घटना की जानकारी पीड़ित को मिलते ही शीघ्र आने की बात कही। पीड़ित में ग्रामीणों को मोबाइल पर बताया कि अच्छा खासा जेवरात घर में रखा था। आने के बाद ही चोरी गई सामान की जानकारी मिलेगी। यही बात उनके छोटे भाई लक्ष्मण ने भी ग्रामीणों को बताया।

बहेड़ा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों से जानकारी लेने में लगी है। जेवरात के खाली डब्बे पर अपराधी के फिंगरप्रिंट की जांच करने में पुलिस लगी है। बता दे की मकरमपुर गांव में 4 जुलाई की रात्रि में कृष्ण कुमार झा उर्फ छोटू तथा किसान राधेश्याम मिश्र के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी हुई थी। बीते एक माह में चार घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना हो चुकी है। बहेड़ा एसएचओ चंद्रकांत गौरी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि दो घरों में चोरी हुई है। फेके गए जेबरात के डिब्बे से फिंगरप्रिंट लिया गया है। शीघ्र ही मामले की उद्वेदन किया जाएगा।

# छोटकीटांड के लोग जोरिया से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/चकाई पेटरपहरी पञ्चायत के छोटकीटांड ग्रामवासी आज भी मूलभूत सुविधाएं से कोसों दूर हैं इस गांव तक पहुंचने के लिए लगभग एक किलोमीटर तक कोई सड़क नही है चिकनी मिट्टीनुमा पकडंडी है चिकनी मिट्टी होने के कारण गाड़ी या साइकिल के चक्के मिट्टी में बुरीतरह से फंस जाने हैं जिससे लोगों का आवाजाही बड़ी मुस्किल हो जाती है दूसरी तरफ यहां के अधिकांस लोग जोरिया का गंदा पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं। उपरोक्त शिकायतें ग्रामीण जोगराज पासवान, अनिल पासवान, पुरण हासदा, फूचा सोरेन, मुंशी सोरेन, विकास पासवान, बलकिसुन पासवान, कलाबाटिया देवी आदि ने भाजपा नेता सह चकाई को अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक मनोज पोद्दार से तब की जब वे चकाई को अनुमंडल का दर्जा दिलाने हेतु हस्ताक्षर अभियान छोटकीटांड गांव में चला रहे थे। ग्रामीणों ने कहा हमारा गांव मुख्यधारा से अबतक नही जुड़ पाया है जबकि हम ग्रामवासी भी लोकसभा और विधानसभा या अन्य चुनावों में औरों की तरह वोट करते हैं फिर भी हम अपेक्षित क्यों?

संयोज्क मनोज पोद्दार ने कहा आपकी तकलीफ की व्यथा क्षेत्रीय सांसद , विधायक एवम जिलाधिकारी से कह कर इन समस्याओं का सामाधान करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

# छात्रों ने विभिन्न किस्मों के 151 पौधे लगाये

प्रात: किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)(आससे)।दिल्ली पब्लिक स्कूल कुशेश्वरस्थान के परिसर में विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों ने विभिन्न किस्मों के 151 पौधे लगाकर इसके सुरक्षा का संकल्प लिया। पौधा रोपण के इस अभियान में नीम , आम , पीपल , बेलपत्र , जामुन , सीताफल और साथ ही साथ गुलाब , गुड़हल, मोगरा आदि का पौधे लगाए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक शमीम हैदर ने बच्चों को पौधा रोपण के महत्व को समझाते हुए कहा कि इससे पर्यावरण शुद्ध रहता है। पेड़ पौधे के माध्यम से ही हम लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। इसलिए हम सभी को हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। पौधा रोपण के इस अभियान में स्कूल के निदेशक शमीम हैदर, प्रिंसीपल अमित कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक एवं छात्रों ने पौधे लगाए। शेश्वरस्थान(दरभंगा) दिल्ली पब्लिक स्कूल कुशेश्वरस्थान के परिसर में विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों ने विभिन्न किस्मों के 151 पौधे लगाकर इसके सुरक्षा का संकल्प लिया। पौधा रोपण के इस अभियान में नीम , आम , पीपल , बेलपत्र , जामुन , सीताफल और साथ ही साथ गुलाब , गुड़हल, मोगरा आदि का पौधे लगाए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक शमीम हैदर ने बच्चों को पौधा रोपण के महत्व को समझाते हुए कहा कि इससे पर्यावरण शुद्ध रहता है। पेड़ पौधे के माध्यम से ही हम लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। इसलिए हम सभी को हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। पौधा रोपण के इस अभियान में स्कूल के निदेशक शमीम हैदर, प्रिंसीपल अमित कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक एवं छात्रों ने पौधे लगाए।

# बिहार सरकार के पूर्व मंत्री शिवनंदन झा का चैती दुर्गामंदिर के पास किया गया मूति अनावरण

## मंत्री, विधायक ने स्व. झा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों को किया संबोधित



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] स्वतंत्रता सेनानी सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री दिवंगत शिवनंदन झा का मूति अनावरण नगर क्षेत्र के पुरानी बाजार चैती दुर्गामंदिर के पास रविवार को मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण, क्षेत्रीय विधायक दामोदर रावत के द्वारा किया गया। इस दौरान मंत्री, विधायक एवं अन्य उपस्थित लोगों ने पूर्व मंत्री के मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हे याद किया। लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि स्व.शिवनंदन झा बहुत बड़े समाजवादी नेता थे, गरीब, दलित, मजदूरों के नेता थे। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. शिवनंदन झा झाझा के जनजन के नेता थे। उनके भाषण को लोगों सुनते थे जिसमें एक ही विचारधारा होती थी। स्व. झा ने गरीब पिछड़ों को आगे बढ़ाने का काम किया करते थे। इसलिए हमलोगों का दायित्व बनता था कि ऐसे महानपुरूषों की पहचान क्षेत्र में सदैव लोगों के बीच बना रहे इसको लेकर मूर्ति लगाने का जो वादा किया था उसे पूरा किया गया। गरीब असहाय लोगों की आवाज को उठाते हुए उन्होंने सदैव हक की लड़ाई लड़ते रहे। मंत्री ने कहा कि स्व. झा जब विधायक रहे तब भी और जब सामाजिक राजनीति तब भी यानि किसी भी रूप में वे रहे हमेशा हक की आवाज की लड़ाई लड़ते रहे। उन्होनें कहा कि मुझ सौभाग्य हुआ कि स्थानीय विधायक के साथ ऐसे महापुरूष की मूर्ति का अनावरण करने का मौका मिला। मंत्री ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व. झा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए यहां पर सैकड़ो लोग है। उन्होनें कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के जरीए हर पंचायत हर गांव में हमारी योजना चल रही है ताकि हर लोगों को योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत मिल सके। मौके पर लक्ष्मण झा, गोपाल बरनवाल, संजय सिन्हा, उदयशंकर झा, जदयू नेता डॉ. राजेंद्र रावत, बलवंत सिंह, छेदी पासवान, घनश्याम गुप्ता शशिकांत झा सहित कई लोग मौजूद थे।

# जर्जर अस्पताल भवन का छत का प्लास्टर टूटकर गिरा नीचे, अस्पतालकर्मी बाल बाल बचा

## पूर्व में भी छत का प्लास्टर टूटकर गिरने से मरीज के परिजन, अस्पतालकर्मी हो चुके हैं घायल

प्रात: किरण संवाददाता




जमुई [ झाझा ] झाझा रेफरल अस्पताल में फिर से छत के प्लास्टर टूट कर गिरने का मामला सामने आया है। हालांकि रात्रि के वक्त मरीज न होने के कारण बड़ी घटना होने से टल गई। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम को बारिश के कारण अस्पताल भवन पूरी तरह से गीला हो गया जिसका नतीजा यह हुआ कि जर्जर भवन के ओपीडी कक्ष के बाहर बरामद का छत का प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर अचानक नीचे गिर पड़ा जिसके बाद मौजूद अस्पताल कर्मी के बीच हड़कंप मच गया। अस्पताल के कर्मी ने बताया कि जिस जगह पर प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिरा है उस जगह पर मरीज या उसके परिजन के लिए बैठने की सुविधा है। अगर दिन में प्लास्टर का बड़ा हिस्सा गिरता तो मरीज या उसके परिजन संभवता घायल हो सकता था। बताते चले कि अस्पताल के जर्जर भवन हमेशा सुखियों में रहा है क्योकि अस्पताल में छत का प्लास्टर टूटकर नीचे गिरने की यह पहली घटना सामने नही आई बल्कि इससे पूर्व भी भवन के कई हिस्सों में कई बार छत का प्लास्टर टूटकर नीचे गिरा जिसमें मरीज के परिजन, अस्पतालकर्मी को चोट पहुंची थी। अस्पताल भवन का छत का प्लास्टर टूटकर नीचे गिरने की सामने आने वाली घटना से अस्पताल के चिकित्सक से लेकर कर्मी काफी डरे हुए है कि किसी दिन अस्पताल की जर्जर भवन से कोई बड़ी घटना न हो जाए। अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर अस्पताल की जर्जर भवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है।

# 2025 में होगा बिहार से पलायन खत्म :प्रशांत

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा जन सुराज अभियान के तहत बिहार की पदयात्रा पर निकले प्रशांत किशोर ने मधेपुरा में स्थानीय लोगों से बातचीत कर गांव की समस्याओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आपके घर के सवांग जो रोजगार के लिए बाहर गए हैं, उन्हें कॉल कर बता दीजिए कि अब उन्हें रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। 2025 में जब छठ पूजा के समय आपके घर के लोग आएंगे, तो दोबारा उन्हें नौकरी या मजदूरी करने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे वादे तब पूरे किए जाएंगे जब आप भी समाज को सुधारने के लिए आगे आएंगे। आज से आपको संकल्प लेना होगा कि आधा पेट खाएंगे, मगर अपने बच्चों को शिक्षा देंगे। बिहार में नेता चाहेंगे कि आपके बेटे अनपढ़ बने रहें ताकि वे जाति-मजहब के नाम पर आपसे वोट लेते रहें। इस बार जब विधानसभा के समय वोट करने जाएंगे, तो वोट उसी को दीजिएगा जो आपके बेहतर भविष्य के लिए काम करेगा। खिचड़ी और 5 किलो अनाज के लिए वोट मत कर दीजिएगा, वर्ना जिस गरीबी में आपकी जिंदगी गुजरी है, ठीक वैसे ही आपके बच्चों को गुजारनी पड़ेगी। यह लिख कर रख लीजिए। आगे उन्होंने कहा कि अगर आपके घर में चार बच्चे हैं, सबको नहीं पढ़ा सकते हैं तो किसी एक को पढ़ाइए। पढ़े का बिहार,तो बदलेगा बिहार।

# एक व्यक्ति को पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर गांजा और शराब के साथ किया गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने थानाक्षेत्र के धमना बाजार से एक व्यक्ति को लगभग आधा किलो मादक पदार्थ(गांजा) और लगभग एक लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार झाझा पुलिस को गांजा तस्करी की सूचना प्राप्त हुआ जिसके बाद पुअनि नंदन कुमार दलबल के साथ धमना बाजार पहुंचा जहां संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ने के बाद उसके हाथ में प्लास्टिक की तलाशी ली गई तो लगभग आधा किलो गांजा और एक प्लास्टिक के बोतल में देशी शराब बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मूसो गोस्वामी के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस पकड़े गए तस्कर से पूछताछ करने को लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# फाइनेंस कंपनी के शखा प्रबंधक से 1 लाख 40 हजार लूट मामले में पुलिस ने महज 12 घंटो के अंदर किया 2 अपराधी को गिरफ्तार

## लूट की 25 हजार रकम और एक बाइक भी किया बरामद



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा महज 12 घंटो के अंदर पुलिस ने लूटकांड का बड़ा खुलासा किया। लूट की 25 हजार रकम के साथ दो अपराधी को शंकरपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। दरअसल जिले के शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुवाहा-परसा के बीच बीते 2 अगस्त को फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक और उप शाखा प्रबंधक के साथ हुए लूटकांड मामले का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस मामले को लेकर मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने बताया कि दो अगस्त को दोपहर करीब 2 बजे एक फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक राकेश रंजन एवं उपशाखा प्रबंधक अभय कुमार यादव शंकापुरपुर थाना क्षेत्र से पैसा कलेक्शन कर लौट रहे थे। इसी क्रम में भलुआहा-परसा के बीच एक पुल से आगे बांसबाड़ी के पास पहले से घात लगाए दो बाइक सवार चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर 1 लाख 40 हजार 800 रुपए तथा दो मोबाइल लूट लिया। वादी के द्वारा लूट करने वाले अपराधी की एक बाइक की पहचान की गई। पुलिस को सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन भी किया गया। जिसमें तकनीकी शाखा मधेपुरा, शंकरपुर थाना एवं सिंहेश्वर थाना के पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को शामिल किया गया। तकनीकी शाखा एवं टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों ने वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत शंकरपुर थाना क्षेत्र के परसा वार्ड संख्या 5 निवासी अजय साह के पुत्र आशीष कुमार एवं करमिनिया परसा वार्ड संख्या 8 निवासी मनीचंद्र सरदार के पुत्र सुरज सरदार को गिरफ्तार किया है। साथ हीं भलुवाहा निवासी दो नाबालिग को विधि विरुद्ध निरुद्ध किया गया है। वहीं घटना में प्रयुक्त काले रंग का बजाज पल्सर बाइक तथा लूटी गई राशि में 25 हजार रुपए बरामद कर ली गई है। एसपी ने बताया कि घटना में शामिल शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है बहुत जल्द अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

# भाजपा किसन मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष को किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। भाजपा किसान मोर्चा दरभंगा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने राजधानी पटना में भाजपा बिहार के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल को उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट मुलाकात की। इस दौरान दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर और बिहार के ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष उदय शंकर चौधरी जी मौजूद रहे। सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि दिलीप जायसवाल जी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद कार्यकताओं का ऊर्जा और उमंग देख कर यह ज्ञात होता है कि इनके नेतृत्व में बिहार भाजपा सफलता की नई कहानी लिखने में सफल रहेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष पप्पू सिंह ने दिलीप जायसवाल को एक कुशल संगठनकर्ता तथा अनुभवी राजनेता बताते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास हैं कि आगामी 2025 में होने वाले बिहार विधान सभा चुनाव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप आपको जिम्मेदारी सौंपी जाने पर भाजपा बिहार में एतिहासिक सीट लाकर सरकार बनाएगी। उन्होंने देश के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने डा. दिलीप जायसवाल को यथोचित सम्मान देकर जमीन से जुड़े समर्पित कार्यकताओं का उत्साह व मान बढ़ाया है।

# पुलिस पर हमला के आरोप में 7 गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।साहेबगंज थाना अंतर्गत पुलिस पर हमला के मामलें में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना में संलिप्त 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी ऊं है। बताया गया है कि बीते 1अगस्त को थानाध्यक्ष साहेबगंज को गुप्त सूचना मिली कि एक नोटरसाईकिल सवार दो अपराधकर्मी टिंकु कुमार पिता नारद सहनी ग्राम बगवारा एवं दीपक कुमार पिता प्रमोद महतो उर्फ पन्नालाल महतो ग्राम हरपुर दोनों थाना कथैया अवैध हथियार के साथ लैस होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम की फिराक में है।प्राप्त सूचना के आधार पर साहेबगंज थाना की टीम द्वारा अपराधकर्मियों का पीछा किया जाने।पीछा करते हुए राजेपुर ओ०पी० एवं साहेबगंज थाना की टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया। इसी क्रम में वहां उपस्थित ग्रामीणों द्वारा पुलिस अभिरक्षा में लिए गए दोनों अपराधियों को छुड़ाने के लिए पुलिस टीम के साथ मारपीट की जाने लगी । इसी बीच अपराधकर्मी ग्रामीणों के सहयोग का फायदा उठाते हुए पुलिस टीम को धक्का देकर भागने लगे।भागते हुए अपराधकर्मियों का पुनः टीम द्वारा पीछा किया गया, इसी बीच वहां उपस्थित लोगों द्वारा हरबे - हथियार से लैस होकर पुलिस टीम पर हमला किया गया। एक अपराधकर्मी द्वारा साहेबगंज थाना में पदास्थापित पुलिस अवर निरीक्षक पर हमला के साथ-साथ सर्विस पिस्टल भी लूटने का प्रयास किया गया।टीम द्वारा घटनास्थल से अपराधकर्मियों का मोटरसाईकिल को जब्त किया गया है। उक्त प्रकरण के आरोप में 35 नामजद एवं 15-20 अज्ञात के विरूद्ध साहेबगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।कांड के आलोक में थाना की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घटना में शामिल नीरज कुमार सूरज सहनी सतीश सहनी , सुमंत कुमार ,रामपुकार सहनी व ललन सहनी को गिरफतार किया गया है।

# शेयर कंपनी में राशि दुगना करने के नाम पर युवती से लाखों की ठगी

प्रात: किरण संवाददाता

मशरक शेयर मार्केट में राशि जमा कर प्रतिदिन हजारों रुपया कमाने का लालच देकर युवती से दो लाख 99 हजार पांच सौ सताइस रुपया ठगी करने की प्राथमिकी मशरक थाना में दर्ज कराई गई है। पीड़िता रुचिका कुमारी पिता स्व बलिराम सिंह चैनपुर तरैया निवासी ने साइबर थाना छपरा को घटना की जानकारी देते हुए न्याय पाने के लिए आवेदन दिया। इधर साइबर थाना से प्राप्त आवेदन के आधार पर मशरक थाना कांड संख्या 460 दिनांक 3 अगस्त 2024 को प्राथमिकी दर्ज की गई है । जिसमे युवती ने कहा है कि पड़ोसी दिलीप सिंह के माध्यम से नेवाजी टोला छपरा निवासी नवीन कुमार सिंह पिता विश्वनाथ सिंह से परिचय हुआ । जिन्होंने शेयर कंपनी में पैसा लगाकर प्रतिमाह हजारों रुपया कमाने को लेकर प्रतिदिन समझाते थे।

# नरार कोठी चौक पर दीदी जगतारिणी बोलबम सेवा आश्रम द्वारा कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था




प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला अंतर्गत कलुआही प्रखंड के नरार कोठी चौक पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीदी जगतारिणी बोलबम सेवा आश्रम द्वारा कांवड़ियों के ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। बता दें कि आयोजकों द्वारा कांवड़ियों के ठहरने और उनके लिए चाय, शर्बत एवं फल आदि की खास व्यवस्था की गई है। दीदी जगतारिणी बोलबम सेवा आश्रम द्वारा लगभग 20 वर्षों से सावन माह में कांवड़ियों के लिए खास आयोजन एवं व्यवस्था किया जाता रहा है और इस वर्ष भी इसी कड़ी में कांवड़ियों के लिए खास आयोजन किया गया है। दीदी जगतारिणी मिथिला की एक परम विदुषी महिला थीं जो मूल रूप से जिले के चचराहा की निवासी थीं और महान संत, शिक्षाविद् राजऋषि आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज की धर्मपत्नी थीं। दीदी की स्मृति में नरार कोठी चौक के स्थानीय निवासी गण पिछले दो दशक से अधिक समय से सावन के पवित्र महीने में कांवड़ियों के लिए सेवा आश्रम का आयोजन करता रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी 04 अगस्त, रविवार को इस विशेष सेवा आश्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चचराहा निवासी रमेश सिंह, नरार कोठी चौक निवासी बाबाजी पासवान, भोला पासवान, मिथिलेश पासवान, अनिल पासवान सहित कई स्थानीय व्यक्ति एवं चचराहा के स्थानीय नवयुवकों की अहम भूमिका है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, सोमवार, 05 अगस्त, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# एसी-एसटी कोटा में क्रीमीलेयर का फैसला गैर संवैधानिक : पूर्व मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ द्वारा अनुसूचित जाति- जनजाति को मिल रहे आरक्षण को क्रीमीलेयर में लाने हेतु राज्यों को जो अधिकार दिया गया है वह न सिर्फ असंवैधानिक है वल्कि संविधान के मूल भावना के विपरित है। अनुसूचित जाति -अनुसूचित जनजाति का आरक्षण आर्थिक आधार पर नहीं दिया गया वल्कि जातिगत, समाजिक, छुआछूत एवं अस्पृश्यता के आधार पर डॉ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर साहब ने लड़कर संविधान में प्रावधान स्थापित करवाया था। इसीलिए किसी भी किमत पर कोटा वीदीन कोटा यानी क्रीमीलेयर के अंदर लाया ही नहीं जा सकता है। डॉ पासवान ने कहा



है कि सुप्रीम कोर्ट के जिन जजों के द्वारा इस तरह का जो फैसला दिया है वह कहीं न कहीं उनके मानसिकता को दशार्ता है। फैसले में यह कहा जाना कि जिसको एकबार आरक्षण का लाभ मिल गया उसको क्रिमिलेयर के दायरे में बाहर आ जाना चाहिए। मैं पुछना चाहता हूं कि क्या एकबार आरक्षण का लाभ मिलने के बाद सामाजिक, छुआछूत से वह परिवार बाहर हो जाएगा, क्या उसे सामान्य वर्गो के सूचि में स्थान मिल जाएगा।न्यायपालिका को पहले कोलिजियम सिस्टम पर पारदर्शी होकर फैसला करना चाहिए ताकि कुछ ही परिवार के लोगों को जो उच्च न्यायापालिकाओं में स्थान सुरक्षित किया गया है वह खत्म हो। और उच्च न्यायापालिकाओं में जजों के नियुक्ति हेतु संघ लोक सेवा आयोग की तरह एक अटोनोमस केंद्रीय न्यायीक आयोग का गठन किया जाना चाहिए। और उसी के माध्यम से उच्च न्यायापालिकाओं में जजों की नियुक्ति किया जाना चाहिए। मैं भारत सरकार और खासकर देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से आग्रह करना चाहता हूं कि दलित -आदिवासी के आरक्षण को क्रीमीलेयर में लाने के फैसले के खिलाफ माननीय सर्वोच्च न्यायालय में रिवियू पीटीशन दायर करना चाहिए या इसी चलते सत्र में कानून बनाकर उस फैसले को निरस्त करना चाहिए,ताकि दलित -आदिवासीयों के 22.50% आरक्षण पर किसी तरह का आंच नहीं आ सके।

डॉ पासवान ने सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले का उदहारण देते हुए कहा है कि 2019 में भी एसी एसटी एक्ट के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसी तरह का गैर संवैधानिक फैसला दिया गया था, जिसके खिलाफ में देश भर के एसी एसटी संगठनों के साथ साथ कई राजनीतिक दलों के समर्थन से 2 अप्रैल 2019 को भारत बंद का आह्वान किया गया था जो न सिर्फ पुरा देश ऐतिहासिक बंद हुआ बल्कि उस भारत बंद को दुनिया भर के अखबारों ने इतना सफल आंदोलन बताया की तत्कालीन मोदी सरकार को अध्यादेश लाकर उस कानून को निरस्त करना पड़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### कोइलवर से बैजनाथ धाम के लिए कांवरियों का जत्था रवाना



आरा।जिले के कोइलवर प्रखण्ड के सकड्डी से चार धाम के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। कांवरिया सुल्तानगंज से जल भरकर पैदल बैजनाथ धाम के लिए रवाना होंगे। सुल्तानगंज से पैदल चलकर कांवरिया बाबा बैजनाथ धाम जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं में शामिल कोईलवर के प्रखण्ड प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सकड्डी पंचायत के पचहत्तर श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार की दोपहर बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु बस से शनिवार रात्रि में सुल्तानगंज पहुंचेगे।वहां से पवित्र गंगा जल पात्र में भरकर पैदल कांवर लेकर बाबा बैजनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेंगे।भगवान बाबा बैजनाथ के दर्शन के बाद बासुकीनाथ, जगरनाथपुरी धाम, लिंगराज धाम, रजरप्पा माता के दरबार में पहुचेंगे। नौ दिवसीय चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं के भंडारे की भी व्यवस्था की गई है।

### कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के द्वारा नि:शुल्क सिलाई सेंटर का किया गया उद्घाटन

गया।केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के ताली में एवम खरौंधी प्रखंड के खरौंधी पंचायत भवन में एक एक नि:शुल्क सिलाई सेंटर का संस्था के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर आकाश दीप भारती, खरौंधी मुखिया मंजू देवी , मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साव के कर कमलों से उदघाटन किया गया, यहां 20- 20 बच्चियां व महिला एक बैच में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है 2 बैच चलाया जाएगा, साथ ही साथ उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला अंतर्गत कोन ब्लाक क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया है।उपस्थिति भवनाथपुर प्रभारी अंजू कुमारी गुप्ता , ट्रेनर पुष्पा कुमारी ,रिंकू देवी , सोनी देवी, आदित्या कुमारी , रोहित शर्मा, अनिल गुप्ता जाहिर खान ममता कुमारी, माया कुमारी , शीला देवी आदि काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा का किया गया अभिनंदन

गया।भारतीय जनता पार्टी विस्तृत जिला कार्य समिति बैठक गया जिला के अंतर्गत इमामगंज में आहूत की गई है इस बैठक में बिहार सरकार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री सह सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार प्रदेश संगठन प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, राजेश वर्मा, साहित प्रदेश एवं जिला के लोग इसका समिति में शामिल हुए मुझे भी मंचासीन होने का स्वभाग प्राप्त हुआ है।मेरे द्वारा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय के साथ संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा मंच पर मंचासीन नीतीश मिश्रा, डा प्रेम कुमार, को अंग बस्त्र मोमेंटो देकर स्वागत किया है मुझे दोनों उपरोक्त मंत्री के द्वारा स्वागत करने के लिए धन्यवाद किया।

### सुधीर शर्मा ने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना व्यक्त किया

वंशी। प्रखंड क्षेत्र के सरवाली गांव निवासी दिनेश तिवारी के भाई के सामाजिक निधन हो गया था। निधन के जानकारी मिलने पर अरवल जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर शर्मा ने उनके परिजनों से मिल कर सांत्वना व्यक्त किया। सुधीर शर्मा ने मृतक के परिजन को हर संभव मदद और भरोसा करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार जनों के साथ हमारी संवेदना है ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

### सोन नद व पुनपुन नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

अरवल।जिला पदाधिकारी के निदेश अनुसार जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष द्वारा सोन नदी एवं पुनपुन नदी मे बढ़ते जलस्तर को लेकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रमंडल के अभियंता भी मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि वर्षा को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा अरवल जिले में रेड अलर्ट जारी किया गया है एवं झारखंड में भी जलस्तर बढ़ने की स्थिति है।

### जिला पार्षद ने सीएचसी गोड़ारी का किया औचक निरीक्षण

काराकाट(रोहतास) : काराकाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काराकाट (गोड़ारी) का शनिवार की देर शाम जिला पार्षद रितेश कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया । औचक निरीक्षण दौरान सब कुछ सामान्य स्थिति में पाया गया ।डॉक्टर से लेकर एएनएम तथा स्वास्थ्य कर्मी ऑन ड्यूटी पर मिले ।जिला पार्षद ने कहा कि सीएचसी का औचक निरीक्षण इसलिए किया गया कि इमरजेंसी के हालत में सीएचसी के डॉक्टर , एएनएम व कर्मी ड्यूटी पर है या नहीं इसकी पड़ताल की गई।

## राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के जयंती पर ऑनलाइन साहित्यिक संगोष्ठी

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार,प्रथम राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की 138वीं जयंती समारोह के मौके पर ऑनलाइन साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।बारिश के कारण अयोजित ऑनलाइन गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया।जबकि संचालन की जिम्मेवारी उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने निभाई।गोष्ठी में विचार समन्वय करते हुए महामंत्री धनंजय जयपुरी,उपाध्यक्ष एवं समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा,संरक्षक मंडल ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह,डॉ रामाधार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ साहित्यकारों ने कहा कि द्विवेदी युग के प्रसिद्ध कवि मैथिलीशरण गुप्त ने जब महावीर प्रसाद द्विवेदी का आलेख कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता पढ़ा तो गुप्त जी ने साकेत नाम से उर्मिला के इर्द-गिर्द घूमता हुआ महाकाव्य लिख दिया।साथ ही साथ अन्य उपेक्षित नारी पात्रों पर भी उनकी कलम चली और उन्होंने विष्णुप्रिया,यशोधरा शकुंतला,हिडिंबा, सैरन्ध्री जैसे भी काव्य लिखें। गुप्त जी कवि के साथ-साथ जननेता,नाटककार, एवं अनुवादक के रूप में भी ख्याति प्राप्त की थी। उनके प्रमुख काव्य कृति पंचवटी,सिद्धराज विश्व वेदना काव्य हिंदी साहित्य के पृष्ठभूमि वाले काव्य हैं। आजादी के लड़ाई में भी गुप्त जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके काव्य कृति भारत भारती ने पूरे भारतवासियों में राष्ट्र के प्रति संवेदना जगाने का कार्य किया था। महात्मा गांधी ने इसी कृति पर उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि प्रदान की थी।उनकी रचना इतनी सहज और सरल होती हैं जो हर किसी के जुबान पर चढ़ जाती हैं। गुप्त जी को हिंदुस्तान साहित्य अकादमी पुरस्कार,मंगला प्रसाद पुरस्कार,साहित्य वाचस्पति एवं पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था।

## आरवीएस कप शतरंज प्रतियोगिता जारी पुरस्कार वितरण आज

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित एवं रामविलास सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय आरवीएस कप भोजपुर जिला शतरंज प्रतियोगिता सफलता पूर्वक जारी है आज के शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन आयोजन समिति की अध्यक्ष एवं आर वी एस पब्लिक स्कूल की निदेशक डॉ कांति सिंह द्वारा चल चलकर किया गया उन्होंने आपने संबोधन में कहा की भोजपुर में शतरंज को बढ़ाने के लिए हर संभव मदद दी जाएगी मुख्य निर्णायक शाहिद हुसैन के अनुसार परिणाम इस प्रकार रहे। भोजपुर जिला अंडर 15 बालक वर्ग में चार चक्र समाप्ति के बाद परिणाम आयुष कुमार ने समरजीत कुमार को, आदित्य राज ने स्वराज संगम को, अमन कुमार ने मोहम्मद शम्स वाहिद को, असगर हुसैन ने सूर्यांश पंकज



को, मयंक कुमार ने उत्कर्ष रंजन को, वंश ने आकाश कुमार पांडे को हराया, अंडर 15 बालिका वर्ग में तीन चक्र समाप्ति के बाद परिणाम अर्पिता सिंह ने सृष्टि कुमारी सिंह को, मुस्कान शर्मा ने जानवी कुमारी को सिमरन कुमारी ने आरोही शक्ति को चेष्टा चूड़ीवाला ने सफीना जहां को, ईशान्वी राज ने जिकरा जमाल को हराया।

अंडर- 9 बालक बर्ग में तीसरे मैच के समाप्ति के बाद परिणाम देवांश तिवारी ने मोहित कुमार को, राजवीर राज ने सानू स्नेही को, अद्विक गौरव ने सूरज कुमार को, हर्षित प्रियदर्शी ने अनंत कुमार को हराया अंदर - 9 बालिका वर्ग में तीसरे चक्र का परिणाम परी कुमारी ने दीक्षा कुमारी, अवनी प्रीषा ने तनवी को हराया। संघ के सचिव डॉ मो सैफ के अनुसार इस शतरंज प्रतियोगिता में आर वी एस पब्लिक स्कूल,डी पी एस, ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, जीन पॉल स्कूल, एस एन मेमोरियल हाई स्कूल, उर्सेलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल, संभावना आवासीय उच्च विद्यालय, जी डी गोइंका, दक्ष कैरियर स्कूल आरा आदि स्कूल से 118 शतरंज प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। डॉ कुमार विजयेश के अनुसार शतरंज प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण आर वी एस पब्लिक स्कूल के सभागार सभागार में एक बजे से होगा।आज के आयोजन वीरेंद्र कुमार उपाध्याय, निधि कुमारी शकील अहमद, आयुष दूबे अजीजुर रहमान, अजहर उद्दीन खान, वीरेंद्र कुमार सिंह, अनुराग पॉल, नरेंद्र, शशि कुमार सिंह आदि का सराहनीये सहयोग रहा।

## जम्होर में साप्ताहिक गायत्री यज्ञ के निमित हवन एवं पूजन-अर्चन

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के समाजसेवी चंद्रशेखर सिंह उर्फ ललन बाबू के आवास पर साप्ताहिक गायत्री यज्ञ के निमित श्री राम प्रज्ञा मंडल के कार्यकताओं द्वारा यज्ञ सफलता पूर्वक क्रियान्वित किया गया। सुबह सवेरे योग्य आचार्यो के सान्निध्य में मां गायत्री की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात दो पाली में यज्ञ को संपन्न कराया गया। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के सहायक ट्रस्टी नवनीत कुमार ने बताया कि साप्ताहिक यज्ञ में दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। श्रद्धालु भक्त सवेरे से ही पंडाल में आ जाते हैं और यज्ञ करने के लिए उत्सुक रहते हैं। वही ग्राम जम्होर के ही अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप अवस्थित गायत्री शक्तिपीठ के



प्रांगण में भी साप्ताहिक गायत्री यज्ञ के निमित भक्तिमय वातावरण में गायत्री यज्ञ आयोजित की गई।उपस्थित लोगों ने शक्तिपीठ में अवस्थित मां गायत्री एवं अन्य देवी देवताओं की पंचोपचार विधि से पूजन अर्चन किया।तत्पश्चात हवन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। व्यवस्थापक जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह में यहां यज्ञ कराई जाती है।साथ ही साथ गायत्री महामंत्र लेखन को भी सुचारू पूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है।

## सावन मिलन समारोह रौनियार महिला समिति द्वारा आयोजित किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भगवान शिव के महिना में गया जिला रौनियार वैश्य समाज कि महिला समिति की सावन मिलन समारोह रौनियार वैश्य भवन गंगा महल में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता निलम गुप्ता ने किया हू शनिवार को भवन में ही सावन मिलन समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें हर कोने से कोने से महिला हरे वस्त्र,हरे चुडीया,हरी बिंदी,हरे रुप से पुरे रौनीयार वैश्य भवन को सजाया गया था। सबसे पहले सावन गित



के साथ शुरूआत की गई फिर महिलाओं के द्वारा रोप डांस किया गया, फिर एक दुसरे के साथ हाथ पर हाथ मिलाकर सावन गीत संगीत का भव्य आयोजन किया गया है।। जो भी महिला मेग्नेटिक एनालाइजर से जाच कराई थी कृपया दवा लेने की कृपा करेगे।

## जिलाधिकारी ने कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव की सराहना

प्रात : किरण संवाददाता

गया। उर्स उस्मान शहीद का आयोजन हुआ है। इस मौके पर गया प्रशासन की तरफ से गया डीएम त्यागराजन ने मजार पर चादर पोशि की और बिहार और गया की अमान चैन की दुआ मांगी है ।इस मौके पर कन्या विवाह एवं बाल विकास सोसायटी के सचिव विकास माली द्वारा गया जिलाधिकारी त्यागराजन , एडीएम परितोष , डीएसपी पी एन साहू को मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया गया है।

इस उर्स समारोह को संबोधित करते हुए डीएम त्यागराजन ने कहा कि जनता शांति आपशी भाईचारा सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने में हमेशा गया प्रशासन का सहयोग किया है, विशेष कर शांति समिति के सदस्यो ने। एवं समारोह को संबोधन करते हुए गया डीएम डॉक्टर त्यागराजन ने कहा की गया की जनता ने हमेशा सम्मान शांति आपसी भाईचारा को बनाए रखने में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली ने जिला प्रशासन का सहयोग किया है विशेष कर शांति समिति के सदस्यों ने हमेशा प्रशासन के साथ मिलकर गया के शांति को बनाए रखने में अपना योगदान दिया है। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी कि भी प्रशंसा करते हुए कहा कि आप भी पुण्य के काम में लगे रहते हैं।इस अवसर पर मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन मौलाना तबारक मौलाना मुस्तकीम शायरी इस्लाम जीशान गयावी ने जलसे को खेताब किया इस अवसर पर असद प्रवेज कमांडर, इकबाल हुसैन, काउंसलर नायर उपस्थित थे समारोह की अध्यक्षता मौलाना उमर नूरानी ने की मजार कमेटी के सेक्रेटरी शाह जी कमर उर्फ भोलू ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया है।

## नकारात्मक शक्तियों का प्रतिकार करें पत्रकार : नंदकिशोर यादव

जमुहार (रोहतास)। एक समय राष्ट्रीय विचार के पत्रकारों का उपहास किया जाता था, जबकि अब वैसी स्थिति नहीं है। पत्रकारों से आग्रह है कि वे देश में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की भी चर्चा करें और पूरे दमखम के साथ नकारात्मक विचार फैलाने वाली शक्तियों का प्रतिकार भी करें। उक्त बातें बिहार विधान सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने रविवार को कहीं। रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय सभागार में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति के समापन सत्र को वे बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आपातकाल के दिनों की चर्चा करते हुए कहा कि वह भी लोकवाणी नाम के प्रकाशन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े थे और इस दौरान इस नीति पर काम किया कि हमारे किसी काम से किसी को भी नुकसान नहीं हो। उन्होंने



महाभारत के संजय की चर्चा करते हुए कहा कि हमें अपने अतीत पर गर्व हो और हम वर्तमान में यथार्थ के धरातल पर खड़े रहे, तब जाकर ही हम एक स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने आपातकाल के दौरान रामनाथ गोयनका के संघर्षो को याद किया।

उन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से दलितों की समस्याओं को उद्घाटित करने और उन्हें जोड़ने का कार्य करना चाहिए। यूनियन के पत्रकारों को समाज में हो रही टूटन रोकने के लिए अभियान चलाकर कार्य करना होगा। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मलिक ने कहा कि संघर्ष से निकली पत्रकारिता का सम्मान होना चाहिए। तकनीक के कारण आज पत्रकारिता बदल रही है। हमारी सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता की है। जमीनी सच्चाई को देखकर समाज की आंख-कान की भूमिका निभाने का प्रयत्न आज के पत्रकार करें। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश शर्मा ने कहा विगत दो दिनों तक चले राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में हुए महत्वपूर्ण बातों को साझा किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद किसी हमारे राष्ट्रीय अधिवेशन में इतनी खुली चर्चा हुई है, जो स्वागत योग्य है। राष्ट्रीय विचार के पत्रकारों की समस्या है कि वे वोकल नहीं हैं। पत्रकारिता में किस प्रकार से निखार आए। मीडिया संस्थाओं के स्वनियमन और अवलोकन की आवश्यकता है।नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स बिहार के अध्यक्ष राकेश प्रवीर ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि आज का दो दिनों का यह आयोजन आगे के लिए पाथेय बनेगा। एसपी जैन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. गुरुचरण सिंह ने महात्मा गांधी के इंडियन ओपिनियन के हिंदी संस्करण का काम देखने वाले रोहतास निवासी भवानी दयाल संन्यासी के अवदानों को रेखांकित किया। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स बिहार के महासचिव कृष्ण कांत ओझा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए पत्रकारों को नारद से प्रेरणा लेकर कार्य करने की बात कही। इसके अलावा गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने भी समापन समारोह को संबोधित किया। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स बिहार के उपाध्यक्ष ददन पांडेय ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

### श्री रामचरित मानस नवाहण परायण यक्ष द्वारा गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाएगा

गया।श्री रामचरित मानस नवाहण परायण यक्ष समिति द्वारा कि एक बैठक राधे राधेभवन मे हुआ जिसमे आगमी श्री गणेश महोत्सव 2024 जो आजाद पार्क गया मे मनाया जाएगा, इससे संबंधित बैठक शिव कैलाश डालमिया मुन्ना बाबु के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई है।आगमी भादो महिना मे आने वाले गणेश चतुर्थी को शुरू होकर 7.9.24 से शुरू होकर 16 सितंबर तक मनाने का निर्णय लिया गया है।, छः सितंबर को गणेश भगवान की मुर्ती लाइ जाएगी,सात सितंबर को मुर्ती की प्राण-प्रतिष्ठा विधि विधान से शिव कैलाश डालमिया द्वारा पुजा सुबह में किया जाएगा।हर रोज सुबह गया के बाला जी सालासर मंदीर के पुजारी द्वारा पुजा आरती सभी अनुष्ठान कराए जाएंगे, प्रति दिन दुध एवं दुर्वा से अभिषेक किया जाएगा,वही सांय काल में सात बजे साध्वी प्रज्ञा भारती द्वारा भजन ,कीर्तन , प्रवचन का आयोजन किया जाएगा,प्रति दिन सौ किलो लड्डू का भोग लगाया जाएगा।

## भारत विकास परिषद जिला इकाई के द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल मे कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल । भारत विकास परिषद जिला इकाई के सौजन्य से जिले के चर्चित शिक्षण संस्थान डीपीएस स्कूल के प्रांगण में पर्यावरण शिक्षा एवं स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत वंदे मातरम गीतके बाद किडनी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सह भारतीय विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर मृत्युंजय कुमार प्रांतीय पर्यावरण संयोजक राधाकांत शर्मा प्रांतीय संस्कार के अध्यक्ष अभिषेक कुमार डीपीएस के निदेशक धर्मेंद्र कुमार समाजसेवी विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि परिषद का गठन 1962 में हुआ था जब चीन से शिकस्त मिलने के बाद देश में गम और दुख का वातावरण था उस समय देश के प्रबुद्ध जनों ने भारत की



भूमि को माता का रूप देते हुए माता की सेवा के लिए परिषद का गठन किया एवं स्वामी विवेकानंद के बताए गए रास्ते को अपनाया उन्होंने कहा कि व्यापार और सेवा दोनों का अलग-अलग रास्ता है लेकिन माता की सेवा में व्यापार की थोड़ा सा भी गूंज इसमें नहीं होना चाहिए इसी सेवा की भावना से परिषद आज प्रत्येक स्कूलों में पहुंच रहा है क्योंकि 18 से 20 साल की उम्र में ही शुगर और ब्लड प्रेशर आने की गुंजाइश हो जा रही है इसका मुख्य कारण है बच्चों में संस्कार की कमी बच्चे पश्चात संस्कृति को अपनाकर अपना आहार व्यवहार में परिवर्तन कर रहे हैं स्कूल के बच्चों में संस्कार भी मिलते हैं जरूरत है बच्चों में पुराना खान-पान अपनाने का तभी भारत स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकेगा उन्होंने कहा कि आज के 10 वर्ष पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में जब तापमान 40 से पर करता था तो चर्चा होने लगती थी लेकिन आज 50 पार कर रहा है यह चिंता का विषय है उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि आज हर घर में एयर कंडीशन लग रहा है ऐसी लगाना समृद्धि का पहचान नहीं है बल्कि यह मजबूरी है लेकिन यह मजबूरी तभी टल सकता है जब हर व्यक्ति कम से कम पांच पौधे लगाने का संकल्प ले केवल पौधा लगाएं ही नहीं बल्कि उसका संरक्षण भी करें उनके अलावा कार्यक्रम को प्रांतीय सचिव संस्कार पर्यावरण संयोजक सहितअन्य ने संबोधित किया कार्यक्रम बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा दर्जनों पौधा लगाया गया।

### डॉ के पी यादव की पुंण्यतिथि पर लोगों को किया जाएगा सम्मानित

गया। शहर के जाने-माने और गरीबों के मसीहा कराने वाले चर्चित पोलियो लकवा रोग विशेषज्ञ सह समाजसेवी डॉ के पी यादव की सातवीं पुणे तिथि सोमवार को सिजुआर भवन में आयोजित किया जाएगा इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ के पी यादव विचार मंच के द्वारा किया जाएगा, इसे भव्य रुप से मनाने के लिए और इसे यादगार बनाने के लिए शिक्षा,संगित,समाज सेवा मे अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले को और प्रशंसा के लायक काम करने वाले को डॉ के पी यादव की स्मृति में सम्मानित किया जाएगा,एक प्रेस वार्ता में शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ वीरेंद्र कुमार ने बताया है।हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी नये तरीको कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इसमें मुख्य अतिथि के रुप में उद्घाटन कर्ता डॉ ए एन राय,बनेंट होम्योपैथी के सीएमडी डॉ नितिश चंद्र दुबे, विशिष्ट अतिथि के रुप में डकार अभिषेक बॉस, डॉ आर पी सिंह उपस्थिति होगे।

## नृत्य के साथ कई अन्य मनोरंजक प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। सावन के आते ही चारों तरफ हरियाली छा जाती है । हरा रंग सौभाग्य का रंग माना जाता है । सावन में सुहागिन महिलाएं हरे रंग के वस्त्र और चूड़ियां पहनती हैं । हरा रंग प्रेम , प्रसन्नता और खुशी की प्रतीक भी माना जाता है । इसी वजह से महिलाएं सावन के महीने में हरे रंग का सिंगार करके भगवान और प्रकृति को धन्यवाद देती हैं ।गया स्थित माहुरी वैश्य मंडल भवन में आज महिलाओं के द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का मंच संचालन महिला समिति ने किया है। इस कार्यक्रम की शुरूआत मंच पर दीप प्रज्वलित कर शुरू हुआ। वहीं महिलाओं द्वारा गाये गए सावन के पारंपरिक गीतों एवं नृत्यों ने सबका मन मोह लिया।हरे परिधान में सजी




महिलाओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के साथ कई तरह के मनोरंजक खेलों में भाग लिया है। इस दौरान पूरा समारोह स्थल हरे रंग में रंग गया है ।वहीं महिला समिति की अध्यक्ष निकिता कपस में एवं सचिव अलका लोहानी के द्वारा आयोजित मनोरंजन व खेलकूद प्रतियोगिता भी काफी मजेदार रहा है। नृत्य प्रतियोगिता में जहां समस्त महिला समिति के सदस्य उपस्थित थे । वहीं म्यूजिकल चेयर एवं पासिंग बॉल एवं कई और प्रतियोगिता हुआ जिसमें सभी विनर को पुरस्कृत किया गया है । इस आयोजन में माहुरी वैश्य मंडल, नवयुवक समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे ।महिलायें क्यों पहनती हैं हरे वस्त्र हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार भगवान शिव को भी हरा रंग प्रिय होता है इसी कारण से सावन के महीने में हरा रंग पहनना शुभ माना जाता है ।शास्त्रों के मुताबिक प्रकृति को ईश्वर का स्वरूप माना जाता है । इसी कारण से इस पूरे महीने हरा रंग पहनने वालों पर प्रकृति की विशेष कृपा होती है । हरा रंग बुध ग्रह का भी प्रतीक माना जाता है । वहीं भगवान शिव का प्रकृति से विशेष जुड़ाव है । भक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए हरे रंग के वस्त्र पहनते हैं । साथ ही सावन के महीने में हरे रंग की चूड़ियां पहनने वाली महिलाओं पर भगवान विष्णु का आशीर्वाद भी बना रहता है ।

## इनर व्हील क्लब का गया ने वृक्षारोपण कर मनाया फ्रेंडशिप डे

गया।यह सही कहा गया है कि - "जब आप एक पेड़ लगाते हैं, तो आप एक जीवन लगाते हैं।" पेड़ धरती माता की ओर से मनुष्यों के लिए सबसे बड़े आशीवार्दो में से एक हैं। इस आदर्श वाक्य को ध्यान में रखते हुए, हम, आइ डब्लु सी, गया ने महावीर मंदिर, एपी कॉलोनी में वृक्षारोपण अभियान चलाया, जिसमें, 12 पेड़,पौधे लगाए गए, अर्थात - 4 आम के पेड़ और चंपा, कदम, उड़हुल, नीम, तुलसी शम्मी, टेकोमा, पेरिजात के क्रमशः 1-1 पेड़। आज, वृक्षारोपण के साथ-साथ, उपस्थित सदस्यों ने फ्रेंडशिप बैंड बांधकर दोस्ती का जश्न भी मनाया है। दोनों कार्यक्रमों में शामिल होना एक आशीर्वाद है क्योंकि पेड़



हमारे सबसे अच्छे दोस्त भी हैं। पेड़ हमें हर चीज से बचाते हैं, ठीक वैसे ही जैसे हमारे दोस्त होते हैं। वे हमें कई तरह से लाभ पहुँचाते हैं और अपने सबसे अच्छे दोस्तों की तरह अपनी उपस्थिति से हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं। पूरा प्रोजेक्ट पीपी उषा राज और अध्यक्ष तृप्ति गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया है। उपस्थित सदस्य थे पीडीसी किरण प्रकाश श्रीमती मंजू गौतम श्रीमती समीक्षा गौतम।

## महिला विकास मंच के कार्यों से प्रभावित हो कर संगठन के महिलाओं को राजकीय सम्मान दिलाऊंगा : बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष

गया।2024 का सावन लगभग आधा बीत चुका है । ये मौसम महिलाओं के लिए कई मायनों में खास होते हैं। सावन को खास बनाने के लिए जगह जगह सावन महोत्सव का आयोजन भी किये जाते हैं। इसी मौके पर महिला विकास मंच द्वारा रविवार को पटना के कासा पिकोला में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया है। हरी-हरी साड़ी व चूड़ियां व पारंपरिक ज्वेलरी में लगभग 300 महिलाओं ने सावन महोत्सव में हिस्सा लिया व खूब नाची गायी। सावन में लग गयी आग गाने बजते ही हॉल में बैठी तमाम महिलाएं थिरकने लगी है। मौजूद महिलाओं के बीच कई तरह में प्रतियोगिता का आयोजन भी किया



गया है। जिसमें डांस, गायन, रैम्प वॉक इत्यादि शामिल है। प्रतियोगिता में सावन क्वीन का खिताब गाजीपुर की मधु यादव ,फर्स्ट रनर अप रागिनी, सेकंड रनर अप सुरभि अग्रवाल को मिला है।आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल मौजूद थें। दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिला विकास मंच के कार्यो से मैं अवगत हूँ आप लोग बहुत हिम्मत का काम कर रहे हैं। संगठन के कार्यो से प्रभावित हो कर बहुत जल्द ही मैं संगठन के कुछ चुनिंदा महिलाओं को राज्य सरकार से राजकीय सम्मान दिलवाऊंगा। इसके साथ ही बहुत जल्द महिला विकास मंच को सरकार से जरूरत संसाधन भी मुहैया कराई जाएगी।इस कार्यक्रम के विषय मे महिला विकास मंच की संरक्षक विना मानवी ने बताया कि सावन के महीने में सावन महोत्सव का ये आयोजन हम महिलाओं के लिए बेहद खास है। हमारे लिए ये किसी उत्सव से कम नही है। इसीलिए महिला विकास मंच का पूरा परिवार एक जगह इकट्ठा हुआ और हमने खूब इंजॉय किया है।

## वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में बीपीएल का हुआ आगाज

आरा। वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में बीपीएल की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि के रूप में अजय सिंह समाजसेवी एवं उद्योगपति सम्भू सिंह प्रदेश महासचिव युवा सेना डॉ विजय गुप्ता, डॉ श्वेता सिंह, उपसचिव सूफी खान एवं कुमार विजय, भोजपुर टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन सदस्य के रूप मे सचिव राहुल सिंह सरकार, अध्यक्ष अनिशा कुमारी, उपाध्यक्ष नंद सिंह, उपसचिव शिवम कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज प्रकाश,मेंटर अंकुर आनंद वर्मा,और सदस्य अर्पित राज,अतुल सिंह, अमर , सुधांशु, ओमप्रकाश, विकास कुमार, कुमकुम कुमारी, शिखा सिंह, लक्ष्मी,अंपायर में कुणाल कुमार रोहित कुमार,नवीन पांडे, आज टोटल पांच मैच खेले गए भोजपुरी पाइरेट्स बना स्कूल यूनियन के बीच रहा जिसमें स्कूल यूनियन विजय रहा। मैन ऑफ द मैच सुजीत कुमार दूसरा मैच इन्फेंट जीसस स्कूल बनाम ब्लू बेल्स टाइगर्स स्कूल के बीच हुआ जिसमें ब्लू बेल्स टाइगर विजय रहा जिसमें मैन ऑफ द मैच दिवाकर कुमार तीसरा मैच स्पार्टन वॉरियर बनाम भोजपुर लायन जिसमें भोजपुर लायंस विजय रहा जिसमें मैन ऑफ द मैच आशीर्वाद कुमार रहे। चौथा मैच डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल बनाम प्रताप इंटरनेशनल स्कूल के बीच हुआ जिसमें प्रताप इंटरनेशनल स्कूल विजई रहा। पांचवा मैच एसटीसी बनाम केटीसीसी वारियर जिसमें विजयी रहा।डॉक्टर श्वेता सिंह फिजियोथैरेपिस्ट भी मौजूद थी' इन्होंने खिलाड़ियों के लिए निशुल्क जब तक कैंप चलेगा उसमें अपना सहयोग देने का वादा किया।

